Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 53 | बुधवार, 25 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला

# केरला अब कहलाएगा 'केरलम', संसद में पेश होगा

नई दिल्ली।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसे अब संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत विचार-विमर्श के लिए राज्य विधानसभा भेजा जाएगा और फिर संसद में पेश किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति के बाद, भारत के राष्ट्रपति केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को केरल राज्य विधानसभा को संविधान के अनुच्छेद 3 के प्रावधान के तहत विचार-विमर्श हेतु भेजेंगे। केरल राज्य विधानसभा के विचार प्राप्त होने के बाद, भारत सरकार आगे की कार्रवाई करेगी और संसद में केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने हेतु केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को प्रस्तुत करने के लिए



राष्ट्रपति की अनुशंसा प्राप्त की जाएगी। पहले नाम में यह बदलाव किया गया है, जिसकी तारीखों की घोषणा अभी तक भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा नहीं की गई है। इसी वर्ष जनवरी में, केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन को पत्र लिखकर वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार द्वारा राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' रखने के कदम का समर्थन किया था। बाद में चंद्रशेखर ने अपने पत्र का उत्तर देने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और सोशल मीडिया पर उत्तर साझा करते हुए कहा कि 'केरलम' नाम राज्य के इतिहास, भाषा और जड़ों को दर्शाता है।


उन्होंने कहा कि इसे पुनर्स्थापित करना हमारी विरासत को सम्मान देने की दिशा में एक कदम है। भाजपा और एनडीए हमेशा से केरल की परंपराओं, संस्कृति और आस्था की रक्षा के लिए खड़े रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य की कुछ राजनीतिक पार्टियों का इन मूल्यों और मान्यताओं का उल्लंघन करने का लंबा इतिहास रहा है। चंद्रशेखर ने कहा कि हमारे लिए, ह्यविकसित केरल, सुरक्षित केरल और आस्था की रक्षा सिर्फ नारे नहीं हैं। ये हमारा मिशन है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि केरल और उसके लोगों के हित में जो भी अच्छा होगा, उसका वे हमेशा समर्थन करेंगे।

## फरवरी में ही तपने लगी दिल्ली

# देश के कई हिस्सों में बारिश ओलावृष्टि की चेतावनी

नई दिल्ली।

देश भर में मौसम अब सर्दी से गर्मी की ओर तेजी से रुख कर रहा है। उत्तर भारत में दिन का तापमान बढ़ने लगा है, जबकि कुछ इलाकों में बारिश, गरज-चमक और यहां तक कि ओले भी गिरने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (कटऊ) ने अगले कुछ दिनों के लिए कई राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर में आज अधिकतम तापमान 30-




31त्उ तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि न्यूनतम तापमान 18त्उ के आसपास रहेगा। मौसम साफ रहेगा, हल्की हवाएं (15-25 किमी/घंटा) चल सकती हैं। अगले 48 घंटों में तापमान में 2-3 डिग्री की और बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, बारिश की कोई संभावना नहीं है। हवा की गुणवत्ता खराब बनी हुई है, कई इलाकों में अदक 200-300 के बीच दर्ज किया गया है। सुबह-शाम हल्की ठंडक का एहसास बना रहेगा, लेकिन दोपहर में गर्मी परेशान कर सकती है।

## नौसेना में कमीशन होगा 'डॉल्फिन हंटर'



नई दिल्ली।

भारतीय नौसेना अपनी एंटी-सबमरीन वॉरफेयर कैपेबिलिटी को विस्तार देने के लिए शैलो वॉटर क्राफ्ट वेसल अंजदीप को बेड़े में शामिल करेगी। यह आठ-शिप एंटी सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट का तीसरा वेसल होगा। इसे 27 फरवरी को चेन्नई पोर्ट पर ईस्टर्न नेवल कमांड में ऑफिशियली कमीशन किया जाएगा। इस दौरान चीफ ऑफ द नेवल स्टाफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। इस वेसल को 'डॉल्फिन हंटर' भी कहा जाता है। 77 मीटर लंबा ये वेसल वॉटरजेट से चलने वाला सबसे बड़ा इंडियन नेवी वॉरशिप हैं। यह देश में डिजाइन किए गए एंटी सबमरीन रॉकेट और शैलो वॉटर सोनार से लैस हैं, जो पानी के अंदर के खतरों का असरदार तरीके से पता लगाने और उनसे निपटने में मदद करते हैं।

## इंडिगो ने जारी की यात्रा सलाह, खराब मौसम से उड़ान संचालन प्रभावित





नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइंस ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खराब मौसम की स्थिति के कारण दुबई और अबूधाबी की उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है। एयरलाइन कंपनी ने यात्रा सलाह जारी कर यात्रियों को संभावित देरी और लंबी प्रतीक्षा समय के बारे में सतर्क किया है। इंडिगो ने एक्स पर पोस्ट किया, दुबई और अबूधाबी में खराब मौसम की स्थिति के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। लंबी प्रतीक्षा समय के कारण असुविधा हो सकती है। हमारी क्रू और ग्राउंड टीमें आपकी सहायता सुनिश्चित करेंगी। इंडिगो ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे आधिकारिक डिजिटल चैनलों के माध्यम से रियल टाइम उड़ान स्थिति की निगरानी करें।

## दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई के वकील पर फायरिंग, कार सवार पांच में से एक युवक घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में मंगलवार देर रात एक कार पर फायरिंग की घटना सामने आई। कार में पांच लोग सवार थे, जिनमें से एक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, कार में मौजूद एक व्यक्ति वकील दीपक खत्री हैं, जो खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम का हिस्सा बता रहे हैं। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में उन्हें बिश्नोई का वकील बताया गया है। पुलिस ने बताया कि दो या तीन हमलावरों ने फायरिंग की। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। वहीं घायल व्यक्ति की हालत स्थिर है और जांच जारी है।

# मजबूत दोस्ती, बड़ा व्यापारः दिल्ली में हुआ ऐतिहासिक करार, खाड़ी देशों के साथ होगा सीधा कारोबार

नई दिल्ली।

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद ने मुक्त व्यापार समझौते की औपचारिक वार्ता शुरू करने के लिए संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए। यह कदम दोनों पक्षों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और जीसीसी के महासचिव जसीम मोहम्मद अलबुदैवी ने आज नई दिल्ली में इस संयुक्त बयान पर



दस्तखत किए। यह बयान 5 फरवरी 2026 को हस्ताक्षरित संदर्भ शर्तों पर आधारित है, जो वाताओं के दायरे, संरचना और प्रक्रिया को परिभाषित करता है। पीयूष गोयल ने कहा, ₹यह संयुक्त बयान और पहले हस्ताक्षरित भारत-जीसीसी संबंधों में एक बड़ा पड़ाव है। साझा इतिहास, सांस्कृतिक जुड़ाव और आर्थिक पूरकता के आधार पर यह व्यापक मुक्त व्यापार समझौता दोनों पक्षों को नई गति देगा। वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में मजबूत व्यापारिक व्यवस्था स्थापित करने का यह सबसे सही समय है। जीसीसी महासचिव जसीम अलबुदैवी ने जोर दिया कि प्रस्तावित समझौता ₹व्यवसायों को पूवार्नुमान और निश्चितता प्रदान करेगा, जिससे भारत और जीसीसी देशों के बीच व्यापार-निवेश संबंध और मजबूत होंगे।

## केंद्रीय कैबिनेट का संकल्प

# 'सेवा तीर्थ' शक्ति के प्रदर्शन का नहीं, बल्कि सशक्तीकरण का होगा केंद्र



नई दिल्ली।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर 'सेवा तीर्थ' में अपनी पहली बैठक में यह संकल्प लिया कि यहां लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा और हर भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह भी तय किया गया कि सेवा तीर्थ से संचालित शासन का हर प्रयास देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने की दिशा में होगा। 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' के अनुसार, नए भवन में लिया गया प्रत्येक निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र-निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा रहेगा। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह स्थान शक्ति के प्रदर्शन का नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। उल्लेख किया गया है कि शासन को पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक की संवेदनाओं के प्रति सजग बनाना आवश्यक है। प्रस्ताव में सेवा तीर्थ की कार्य-संस्कृति में इसी भावना को निहित किया गया है, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों की आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी होगा। इसमें कहा गया है कि यह बैठक एवं यह भवन नए भारत के नवनिर्माण की एक स्पष्ट अभिव्यक्ति है। इसमें कहा गया है- 'हमने एक ऐसे भारत के सपने देखे, जिसका सोच स्वदेशी हो, स्वरूप आधुनिक हो और सामर्थ्य अनंत हो। आज यह सेवातीर्थ उसी संकल्पना का वह मूर्त रूप है, जो लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत के गौरव को बढ़ाएगा।

# आज से दो दिन के इजरायल दौरे पर पीएम मोदी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिवसीय इजरायल यात्रा पर जाएंगे। नौ वर्षों में यह उनकी दूसरी यात्रा होगी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेषकर अमेरिका और ईरान के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच हो रही इस यात्रा को भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। पीएम के दौरे से पहले इजरायल के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर भी बातगे बढ़ सकती है। इस मुद्दे पर चार दिवसीय बैठक जारी है, जो



26 फरवरी को खत्म होगी। प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान इजरायल की संसद को संबोधित करेंगे, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से भी मुलाकात करेंगे। नेतन्याहू बुधवार रात मोदी के सम्मान में निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। नेतन्याहू ने एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी के दौरे का बेसब्री से इंतजार का उल्लेख किया। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे और दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों की पुनर्पुष्टि करेगी। साथ ही साझा चुनौतियों की समीक्षा और मजबूत साझेदारी के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। भारत स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली 'सुदर्शन चक्र' विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है और इस संदर्भ में इजरायल की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली आयरन डोम के कुछ तत्वों को शामिल करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हो सकती है।

# 277 गणमान्य लोगों ने कांग्रेस विरोध को राष्ट्रविरोधी बताया, राहुल बोले- बब्बर शेर कार्यकर्ताओं पर गर्व

नई दिल्ली।

हाईकोर्ट के पूर्व जजों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों, पूर्व राजदूतों और सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों सहित कई प्रमुख हस्तियों ने एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में युवा कांग्रेस कार्यकताओं के अर्धनग्न विरोध प्रदर्शन की कड़ी निंदा की है। सभी ने इसे राष्ट्रीय गरिमा से विश्वासघात, सुनियोजित तमाशा और बुद्धिहीन राजनीति का दयनीय प्रदर्शन बताया है। 26 पूर्व न्यायाधीशों और पूर्व राजदूतों के अलावा 102 सेवानिवृत्त नौकरशाहों और 149 पूर्व सैन्य अधिकारियों सहित 277 गणमाण्य लोगों के हस्ताक्षर वाले संयुक्त बयान में कहा गया है, भारत के जागरूक नागरिक होने के नाते हम अत्यंत स्तब्ध हैं। युवा कांग्रेस के सदस्यों की ओर से शर्टलेस विरोध प्रदर्शन करने की हालिया अक्षम्य घटना राष्ट्रीय गरिमा से घोर विश्वासघात है। हस्ताक्षर करने वाले 26 पूर्व जजों में दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीसी पटेल शामिल हैं। अधिकारियों में कई राज्यों के पूर्व पुलिस प्रमुख भी शामिल हैं। बयान में कहा गया है, ऐसे समय में जब दुनिया के सबसे प्रभावशाली तकनीकी नेता, वैश्विक सीईओ और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भारत को भविष्य के प्रमुख निमार्ता के रूप में उभरते देखने के लिए एकत्रित हुए थे, तब इस सुनियोजित हंगामे ने वैश्विक मंच पर देश की छवि को धूमिल करने का काम किया। एक उच्च स्तरीय राजनयिक और तकनीकी मंच को इस तरह के भद्दे और दिखावटी कृत्य के लिए चुनकर प्रदर्शनकारियों ने यह साबित कर दिया कि उनकी राजनीति में गणतंत्र की प्रतिष्ठा से ऊपर व्यक्तिगत दिखावे को प्राथमिकता दी जाती है। यह और भी घृणित है क्योंकि यह असहमति की सहज अभिव्यक्ति नहीं थी, बल्कि सोच-समझ कर की गई तोड़फोड़ थी।



## संपादक की कलम से

# घुसपैठिए हैं तो भगाओ उन्हें

बिहार में प्रथम मतदान तीन दिन बाद है। माहौल खूब तप चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस चुनाव में भी घुसपैठियों का मुद्दा शिद्दत से उठाया है। देश के प्रथम गृहमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार पटेल की जन्म जयंती 31 अक्तूबर को थी। उसे हम राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाते हैं। उसी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने घुसपैठ या अवैध प्रवास को राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के लिए खतरा करार दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वोट बैंक के लिए सरकारों ने घुसपैठ के प्रति आंखें मूंद रखी हैं और देश की जनसांख्यिकी बदल रही है। उन्होंने प्रत्यक्ष तौर पर मुसलमानों को लक्षित नहीं किया, लेकिन गृहमंत्री ने कहा कि मुस्लिम आबादी 24.6 फीसदी हो गई है। अर्थात देश में मुसलमान 35-36 करोड़ से अधिक हैं। गृहमंत्री ने तल्खी से कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। मुस्लिम आबादी ही घुसपैठिए हैं, यकीन नहीं होता, क्योंकि बीते दिनों नाइजीरिया, युगांडा, रवांडा, नेपाल आदि देशों के भी अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेजा गया है। बांग्लादेशी घुसपैठियों का आंकड़ा हम 1975-76 से सुनते आ रहे हैं कि करीब 2 करोड़ बांग्लादेशी हमारे देश में हैं। यह आरएसएस और जनसंघ का बुनियादी, वैचारिक, राजनीतिक मुद्दा रहा है। 2016 में केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने एक सवाल के जवाब में संसद को बताया था कि घुसपैठियों की संख्या 2 करोड़ से अधिक है। उनकी गणना मुश्किल है, क्योंकि उनके पास वैध, सरकारी दस्तावेज हैं, बेशक अवैध तरीके से हैं। 2004 में यूपीए सरकार के गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने संसद में खुलासा किया था कि देश में 1.2 करोड़ बांग्लादेशी अवैध प्रवासी हैं। गौरतलब है कि तत्कालीन भारत सरकार ने उन्हें घुसपैठिए करार नहीं दिया था। मौजूदा गृह मंत्रालय का यह भी डाटा है कि देश में 40,000 से अधिक रोहिंग्या मुसलमान भी हैं, जो जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उप्र, राजस्थान और तेलंगाना आदि राज्यों में फैले हैं। रोहिंग्या की अधिकतर घुसपैठ म्यांमार और बांग्लादेश से होती रही है। सवाल यह है कि यदि देश में इतने घुसपैठिए हैं और प्रधानमंत्री अलग-अलग चुनावों में, बार-बार, यह मुद्दा उठाते रहे हैं, स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से नेशनल डेमोग्राफी मिशन की घोषणा भी की थी, तो इन घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने में सरकार अभी तक नाकाम क्यों रही है? घुसपैठ एक राष्ट्रीय समस्या है अथवा सियासी संग्राम है या देश की सुरक्षा के लिए वे वाकई खतरा हैं, यथार्थ क्या है? प्रधानमंत्री मोदी का बार-बार इस मुद्दे पर चिंता और सरोकार जताना तार्किक नहीं लगता, जबकि मोदी सरकार का घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजने का आंकड़ा ऊंट के मुंह में जीरा समान ही रहा है। मोदी सरकार ने 2017 में 1175, 2018 में 1118, 2019 में 1351, 2023 में 1547, 2024 में 1694, 2025 में अभी तक 723 कथित घुसपैठियों को पकड़ा है। मान लेते हैं कि सभी को उनके मूल देश वापस भेज दिया जाएगा, तो सरकारी आंकड़ों का कुल 10,000 भी नहीं हुआ। खुद सरकार ने संसद में स्वीकार किया है कि देश में 2 करोड़ से अधिक घुसपैठिए हैं। सरकार की जवाबदेही क्या है? इन आंकड़ों से तो स्पष्ट है कि देश कभी भी घुसपैठिया-मुक्त नहीं होगा! गृहमंत्री अमित शाह ने यह भी खुलासा किया है कि पश्चिम बंगाल में ही मुस्लिम आबादी वृद्धि 40 फीसदी है, जबकि सीमावर्ती इलाकों में यह बढ़ोतरी 70 फीसदी तक जाती है। क्या मुस्लिम आबादी की इस बढ़ोतरी को ही घुसपैठिए मान लिया जाए? यह न्यायिक नहीं होगा। चूंकि बिहार में चुनाव है, लिहाजा सवाल किया जाना चाहिए कि सीमांचल क्षेत्र के तहत किशनगंज संसदीय सीट पर करीब 68 फीसदी मुस्लिम आबादी क्यों है? इन सवालों के जवाब प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही दे सकते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



### अरमान

कविता

चिता जला दो मेरी मनहुस शाम का
चिता जला दो मेरी दिल के ख्वाब का
चिता जला दो मेरी मन की अरमान का
चिता जला दो मेरी बदनाम नाम का

जीना अब मैं नहीं चाहता इस बेरहम जग में
पीना भी नहीं चाहता हूँ मदिरा इस गम में
जो दर्द सीने में शूल सा हर पल चुभता हो
सहन करना भी नहीं चाहता हूँ पल पल मैं

क्यूं आस लगाये हो प्रेम में मेरी ओ बवफा
कोई नहीं लगता हूँ मोहब्बत में तेरी हूँ क्या
क्यूं घुंघट में सिमट बैठी हो मेरी इन्तजार में
कौन हूँ मैं क्या रिश्ता है तेरी मेरी है ये बता

क्यूँ मौन हो देख रही हो मेरी कब से तूँ राहें
क्यूं जला बैठी हो नित्य शमां को खुद के द्वारे
हवा से क्यूं पूछती रहती हो मेरी अता पता
क्यूँ देख मचल जाती हो मेरी परछाई ये बता

दिल रोता है मेरी जार जार तुँने की जो की खता
क्यूं करती हो मेरी इन्तजार हर बार ओ बेवफा
ना पोछों मेरी आँसू जो दिल ने बहाया बहाया है
बहने दो मेरी अश्क शर्मसार ना कर मेरी जफा

अय खुदा बता दो मेरी जग में क्या हुई मुझसे खता
मेरी दिल की मोहब्बत की क्या है तेरे पास सजा
क्यूँ दिखलाई है वो दर्द भरी जग में मेरी राह
सजा दो जो चाहे दिल में तेरी नजरों से ना होगी आह

तेरी हर सजा सर आँखों पे रख स्वीकार मैं कर लूँ
जो चाहे तूँ सलूक कर ले आह तक ना मैं भरूँ
जो रूला जाये जीवन में हर पल बेरहम दिलवर
ना करना है कभी मोहब्बत जीवन में आज व कल

शमशान की कोई मुझे पता तो बता कर दिखलाना
मेरी मौत पर कफन की चादर ओढ़ा कर जतलाना
क्यूं जियें अब इस बेरहम दुनियाँ में ओ रहमत
कौन है इस जग में मेरी कोई उसका पता तो बतलाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बासी पोहा हो गया सख्त तो अपनाइए ये आसान नुस्खा, मिलेगा वही पुराने जैसा स्वाद

यह एक आसान तरीका है बासी पोहा को फिर से फ्रेश करने का। इसके लिए सबसे पहले पोहे को एक कटोरे या कड़ाही में डालिए और उस पर 2-3 चम्मच पानी हल्के से छिड़किए। अब इसे ढककर 2-3 मिनट के लिए रख दीजिए। दरअसल, पोहा इसलिए सूख जाता है क्योंकि उसमें से नमी निकल जाती है। नाश्ते में पोहा खाना आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। सुबह अक्सर चाय के साथ पोहा खाने में एक अलग ही मजा आता है। लेकिन पोहा केवल तभी अच्छा लगता है, जब उसे बनाकर गरमा-गरम सर्व किया जाए। अगर उसे बाद में खाया जाता है तो वह थोड़ा सख्त और सूखा-सूखा महसूस होता है। इतना ही नहीं, उसका वो टेक्सचर भी गायब हो जाता है, जिसकी वजह से उसे खाने का मन ही नहीं करता है। हालांकि, अगर आप ऐसे में उसे फेंकने की सोच रहे हैं तो जरा ठहरिए। अगर आप चाहें तो थोड़ा सा जादू करने पर बासी पोहा को फिर से नरम, टेस्टी और फ्रेश बना सकते हैं। वास्तव में, पोहा उन आसान डिशेज में से है, जिसे अगर सही ट्रिक से दोबारा गरम किया जाए तो उसका स्वाद और



टेक्सचर दोनों ही पहले जैसा हो जाता है। तब आपको उसे खाते समय ऐसा महसूस होता है, जैसा कि इसे अभी-अभी गरमागरम बनाया गया हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बताने वाले हैं, जो आपके बासी पोहे को फिर से टेस्टी बनाने में मदद करेंगे-

**थोड़ा पानी छिड़कें:** यह एक आसान तरीका है बासी पोहा को फिर से फ्रेश करने का। इसके लिए सबसे पहले पोहे को एक कटोरे या कड़ाही में डालिए और उस पर 2-3 चम्मच पानी हल्के से छिड़किए। अब इसे ढककर 2-3 मिनट के लिए रख दीजिए। दरअसल, पोहा इसलिए सूख जाता है क्योंकि उसमें से नमी निकल जाती है। थोड़ा पानी और भाप उसे चिपचिपा किए बिना दोबारा नरम बना देते हैं।

**थोड़ा तेल या घी डालकर दोबारा गरम करें:** एक पैन में 1 चम्मच तेल या घी गरम करें। चाहें तो उसमें थोड़े राई के दाने, करी पत्ता या एक चुटकी हल्दी डालें। अब उसमें बासी पोहा डालकर 1-2 मिनट तक चलाइए। जब आप पोहे को हल्का सा भूनते हैं तो इससे पोहे की खुशबू और स्वाद दोनों ताजा हो जाते हैं। तेल हर दाने को कोट कर देता है जिससे पोहा दोबारा चिपकता नहीं है।

**आजमाएं माइक्रोवेव ट्रिक:** अगर आपके पास समय कम हो तो माइक्रोवेव की इस ट्रिक को भी आजमाया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले पोहे पर थोड़ा पानी छिड़कें, फिर उस पर गीला टिशू पेपर या माइक्रोवेव ढक्कन रखकर 30-40 सेकंड के लिए गरम करें। गीला टिशू भाप को अंदर रोकता है, जिससे पोहा बराबर गरम होता है और सूखता नहीं है।

# बीमारियों से मुक्ति का अचूक मंत्र! रोज पिएं 5 ड्राई फ्रूट्स का पानी, इम्युनिटी बनेगी फौलादी।

भागदौड़ भरी जिंदगी में कमजोर इम्युनिटी से बीमारियों का खतरा बढ़ता है, जिसका समाधान 5 ड्राई फ्रूट्स का पानी है। बादाम, अखरोट, किशमिश, अंजीर और मुनक्का को रातभर भिगोकर सुबह खाली पेट पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, जिससे शरीर बीमारियों से बेहतर ढंग से लड़ पाता है और पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है। यह सरल उपाय सेहत में सुधार और दैनिक ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में सहायक है। भागदौड़ भारी जिंदगी के चक्कर में खुद की सेहत का ध्यान रखना पाना मुश्किल हो जाता है। बिजी लाइफस्टाइल होने की वजह से लोग अपने शरीर का बिल्कुल भी ख्याल नहीं रखते हैं। शरीर के रोगों से लड़ने के लिए इम्युनिटी स्ट्रांग होना काफी जरुरी है। अगर हमारे बॉडी की इम्युनिटी कमजोर होगी, तो हम बार-बार सर्दी-जुकाम, बुखार और अन्य इंफेक्शन के चपेट नहीं आएंगे। बदलते मौसम में इम्युनिटी को मजबूत रखना काफी जरुरी है। बढ़ते हुए प्रदूषण में अपने सेहत का ध्यान रखना काफी जरुरी है। अगर आप अपनी डाइट में भीगे हुए ड्राई फ्रूट्स का पानी एड ऑन करते हैं, तो यह किसी वरदान से कम नहीं है।

**इम्युनिटी बढ़ाने वाले 5 ड्राई फ्रूट्स का पानी:** यदि आप भी अपनी बॉडी की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना चाहते हैं, तो रात के समय इन 5 ड्राई फ्रूट्स को भिगोकर



रखें और सुबह खाली पेट इनका पानी पिएं।

**बादाम:** बादाम सेहत के लिए काफी हेल्दी होते हैं। बादाम में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। इसके सेवन से दिमाग तेज होता है, इसके साथ ही इम्यून सिस्टम की कोशिकाएं भी हेल्दी होती है। रात के समय में 5-6 बादाम भिगोकर रख दें। सुबह बादाम निकालकर रख लें और बचा हुआ पानी पी लें।

**अखरोट:** अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स की भरपूर मात्रा होती है, यह शरीर की सूजन को कम करने में मदद करता है। अखरोट का पानी पीने से इम्युनिटी बूस्ट होती है। इसके लिए 2 अखरोट की गिरी रात भर भिगो दें। सुबह खाली पेट इसे खाकर इसका पानी पी लें।

**किशमिश:** किशमिश किसी सुपरफूड से कम नहीं है। इसमें आयरन और विटामिन-सी का खजाना है। किशमिश खून बढ़ाने और संक्रमण से लड़ने में सहायक होता है। यह पोषक तत्वों का खजाना है। किशमिश सेवन करने से पाचन भी दुरुस्त रखता है। इसके लिए 8 से 10 किशमिश को एक कप पानी में भिगो दें। सुबह किशमिश खाएं और बचा हुआ मीठा पानी पी लें।

**अंजीर:** अंजीर में फाइबर, पोटैशियम और कई महत्वपूर्ण विटामिन्स होते हैं। यह गट हेल्थ के लिए सबसे बढ़िया होता है। इसके साथ ही यह इम्युनिटी बढ़ाता है। 2 सूखे अंजीर रात को भिगो दें। सुबह इसका पानी पीने से पेट साफ रहेगा और ताकत बढ़ेगी।

**मुनक्का:** मुनक्का को बड़ी काली किशमिश के नाम से भी जाना जाता है। मुनक्का में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने और खून साफ करने में मदद करता है, इससे शरीर बीमारियों से बेहतर तरीके से लड़ता है। आप 5 से 7 मुनक्के को भिगोकर, सुबह उनका पानी पीने से मौसमी बीमारियों से बचाव होता है।

**इस तरह से डाइट में शामिल कर सकते है:** अगर आप चाहे तो इन सभी 5 ड्राई फ्रूट्स (बादाम, अखरोट, किशमिश, अंजीर, मुनक्का) को एक-साथ थोड़ी-थोड़ी मात्रा में रात भर में पानी में भिगों दें। अगले दिन सुबह खाली पेट इसे पी लें और बाद में ड्राई फ्रूट्स तो चबाकर खा लें। ऐसा करने से आप पूरे दिन ऊर्जावन बनें रहेंगे और आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

# सर्दियों में कम करना चाहती हैं वजन तो ना करें ये गलतियां

ठंड के मौसम में हम सभी को प्यास काफी कम लगती है, इसलिए अक्सर हम पानी बहुत कम पीते हैं। लेकिन ऐसा करने से वजन कम करने में काफी परेशानी होती है। दरअसल, पानी कम पीने से मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और अक्सर प्यास को भूख समझकर हम ज्यादा स्नैकिंग करने लगते हैं। ठंड का अपना ही एक अलग मजा होता है। गर्म कम्बल में लेटकर गरमा-गरम चाय या कॉफी का लुत्फ उठाने का एक अलग ही अनुभव होता है। यह एक बेहद ही कंफर्टेबल मौसम होता है, जिसमें आराम करना अच्छा लगता है। लेकिन अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रही हैं तो ऐसे में ठंड के दिनों में आपको थोड़ी ज्यादा परेशानी हो सकती है, क्योंकि मौसम में ठंडक आपको आराम करने, कंफर्टेबल फूड खाने और चैन की नींद लेने पर मजबूर करता है। वहीं अगर इसके साथ आपकी कुछ छोटी-छोटी गलतियां वेट लॉस जर्नी पर भारी पड़ जाती हैं। अगर आप सच में वजन कम करना चाहती हैं तो आपको यह समझना होगा कि ठंड का मौसम अपने साथ कुछ चुनौतियां लेकर आता है।



**कम पानी पीना:** ठंड के मौसम में हम सभी को प्यास काफी कम लगती है, इसलिए अक्सर हम पानी बहुत कम पीते हैं। लेकिन ऐसा करने से वजन कम करने में काफी परेशानी होती है। दरअसल, पानी कम पीने से मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और अक्सर प्यास को भूख समझकर हम ज्यादा स्नैकिंग करने लगते हैं। इसलिए, ठंड के दिनों में भी अपने वाटर इनटेक का ध्यान रखें। आप इस मौसम में गुनगुना पानी, हर्बल चाय या ग्रीन टी पीते रहें।

**वर्कआउट को स्किप करना:** ठंड के दिनों में अक्सर बिस्तर छोड़ने का मन नहीं करता है और इसलिए हम बार-बार वर्कआउट स्किप कर देती हैं। जब आप ज्यादा एक्टिव नहीं रहती हैं तो इससे मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और फैट स्टोर ज्यादा होता है। इसलिए, अगर इस मौसम में आपका बाहर जाने का मन नहीं है तो ऐसे में घर पर ही वर्कआउट करें। आप डांस से लेकर योग आदि कर सकती हैं।

**बहुत ज्यादा चाय-कॉफी पीना:** यह सच है कि ठंड के दिनों में हमें बार-बार कुछ गरमागरम खाने या पीने की इच्छा होती है और इसलिए हम बार-बार चाय या कॉफी पीती हैं। हालांकि, ऐसा करने से आपके लिए वजन कम करना मुश्किल हो जाता है। जब आप ज्यादा कैफीन व शुगर लेती हैं, तो इससे डिहाइड्रेशन व एसिडिटी की शिकायत हो सकती है। साथ ही साथ, आपका कैलोरी काउंट भी बढ़ जाता है। बेहतर होगा कि आप दिन में दो कप से ज्यादा चाय या कॉफी ना लें। इसकी जगह हर्बल टी या सूप लें।

# जानलेवा प्रदूषण, सरकारों की शर्मनाक नाकामी

सरकारों की नीतिगत विफलता इस त्रासदी का दूसरा बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। भारत की वायु में जहर घुल चुका है। हाल ही में चिकित्सा जनरल में प्रकाशित एक अध्ययन ने यह निष्कर्ष दिया है कि 2010 की तुलना में 2022 में हवा में जानलेवा साबित होने वाले पीएम 2.5 कणों की मात्रा 38 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस वृद्धि का परिणाम यह हुआ कि भारत में सत्रह लाख से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण हुई। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि मानवता की उस सांस का हिसाब है जो हमारे शहरों, गांवों और जीवन से हर दिन छीनी जा रही है। प्रदूषण अब केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं रह गया है, यह हमारे विकास, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के ढांचे पर गहरी चोट कर रहा है। यह भी सहज ही समझा जा सकता है कि 2022 की तुलना में अब वायु प्रदूषण ने और गंभीर रूप लेते हुए जानलेवा हो गया है, क्योंकि बीते तीन वर्षों में



इस समस्या के समाधान के लिए ठोस उपाय किए ही नहीं गए। इसका प्रमाण यह है कि इन दिनों दिल्ली समेत देश के अनेक शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। यह न केवल सरकार की शर्मनाक नाकामी है बल्कि भयावह और बेहद दर्दनाक भी है। द लेंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ ऐंड क्लाइमेट चेंज 2025 रिपोर्ट केवल तथ्य नहीं, एक गंभीर चेतावनी है। लैंसेट की रिपोर्ट ही नहीं, अलग-अलग वर्षों में विभिन्न संस्थाओं के अध्ययनों ने भी कुछ इसी तरह के चिन्ताजनक आंकड़े पेश किए हैं। भारत की विशाल आबादी के कारण भी यह संख्या बड़ी हो सकती है, मगर यह समस्या गंभीर चिंतन और तत्काल निवारक कदम उठाए जाने की मांग करती है। भारत में प्रदूषण केवल औद्योगिक उत्पादन या वाहनों की बढ़ती संख्या से नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली, असंतुलित शहरीकरण और अनियोजित निर्माण से भी बढ़ रहा है। हर शहर में धूल, धुआं और अव्यवस्था की परतें जमी हैं। निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल, खेतों में पराली जलाने की आदत, घरेलू ईंधनों का अंधाधुंध उपयोग और बढ़ते वाहनों की भीड़-ये सब मिलकर वातावरण को घुटनभरा एवं जानलेवा बना रहे हैं। हमारे शहर अब सांसों के शत्रु बन गए हैं। बढ़ते प्रदूषण की पीड़ा नीति-निर्धारकों से नहीं, उन लोगों से पूछिए, जो खांसते-खांसते बेदम हो जाते हैं और आखिरकार कई के फेफड़े-हृदय उनका साथ देना बंद कर देते हैं। विडंबना यह है कि इनमें से ज्यादातर उस गलती की सजा भुगतने को अभिशप्त हैं, जो उन्होंने नहीं की। वायु में मौजूद सूक्ष्म कण अब हर सांस में जहर बनकर प्रवेश कर रहे हैं। इस प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता है। कोयला, पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों ने न केवल हवा को जहरीला बनाया है बल्कि हमारे अस्तित्व की नींव को भी कमजोर कर दिया है। इन स्त्रोतों से होने वाले उत्सर्जन के कारण लाखों लोग असमय काल के ग्रास बन रहे हैं, लेकिन ऊर्जा नीति में सुधार की गति अत्यंत धीमी है। सरकारें बार-बार स्वच्छ ऊर्जा की बात करती हैं, योजनाएं बनाती हैं, लक्ष्य घोषित करती हैं, पर उनका क्रियान्वयन न के बराबर होता है। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि इस प्रदूषण के शिकार सबसे अधिक वे लोग हैं जो इसके निमार्ता नहीं हैं। गरीब मजदूर, झुग्गियों में रहने वाले, बच्चे और बुजुर्ग-ये सभी उस वायु के दंश झेल रहे हैं जिसका लाभ अमीरों ने उठाया है। एक ताजा अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार, अमीर तबके का प्रदूषण में योगदान अत्यधिक है। पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की जलवायु असमानता रिपोर्ट 2025 बताती है कि विश्व के सबसे धनी लोग अपनी संपत्ति और निवेशों के माध्यम से जलवायु संकट को बढ़ा रहे हैं। वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के 41 प्रतिशत के लिए निजी पूंजी जिम्मेदार है। इसका अर्थ यह हुआ कि प्रदूषण का असली निमार्ता संपन्न वर्ग है, जबकि उसकी कीमत गरीब वर्ग अपनी सांसों और जीवन से चुका रहा है।

# थाना मिजार्पुर, थाना सरसावा, थाना गागलहेडी एवम थाना नकुड प्रभारियो की बडी कार्रवाई

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**




**सहारनपुर**। थाना मिजार्पुर प्रभारी सुबे सिंह के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम को (ऑपरेशन सवेरा) के चलते मिली जबरदस्त कामयाबी, एक चरस कारोबारी गिरफ्तार इंस्पेक्टर सुबे सिंह की पुलिस टीम ने पकड़ा एक बड़ा चरस तस्कर, 158 ग्राम अवैध चरस के साथ घेराबंदी के दौरान गिरफ्तार थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा की पुलिस टीम ने भी माननीय न्यायालय के आदेशों निदेशी के बाद पकड़ा एक शातिर वारंटी थाना गागलहेडी प्रभारी अमित नागर की पुलिस टीम ने भी माननीय न्यायालय के आदेशों निदेशी के बाद पकड़ा एक शातिर वारंटी थाना नकुड प्रभारी धर्मेन्द्र सोनकर की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने साइबर ठगों पर तेज तर्रार कार्रवाई करते हुए पीड़ित के बैंक खाते में शत प्रतिशत 12 हजार रूपए की धनराशि कराई वापस अपनी तेज तर्रार कार्रवाई से नशा तस्करो पर धड़ाधड़ कार्रवाई कर उन्हें जेल की सलाखें दिखाने वाले थाना मिजार्पुर प्रभारी सुबे सिंह के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक मुकेश सोलंकी ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से ऑपरेशन सवेरा अभियान के चलते जबरदस्त कामयाबी हासिल करते हुए चैकिंग के दौरान मिजार्पुर से रायपुर की और जाने वाले रास्ते से एक नशा तस्कर मुस्तकीम पुत्र शमीम निवासी रायपुर को अवैध चरस के साथ उस समय पकड़ा, जब यह नशा कारोबारी अपने सामने पुलिस टीम को देख एक पेड़ के पीछे जा छुपा, लेकिन साहसिक पुलिस टीम ने इस चरस तस्कर की घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया ।जिसके पास मौके से 158 ग्राम अवेध चरस बरामद की गई ।इसके अलावा थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक महेश चंद ने अपने सहयोगी दल के सहयोग माननीय न्यायालय के आदेशों निदेशी का सख्ती के साथ पालन करते हुए आबकारी अधिनियम मामले के एक शातिर वारंटी दुष्यंत राणा पुत्र राज सिंह निवासी गांव रायपुर को किया गिरफतार ।जबकि थाना गागलहेडी प्रभारी अमित कुमार के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक शिव कुमार एवम सुभाष चन्द्र ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से माननीय न्यायालय के आदेशों निदेशी के बाद एक शातिर वारंटी रवि यादव पुत्र रिशीपाल निवासी ग्राम तिवाया को किया गिरफतार ।जबकि थाना नकुड प्रभारी धर्मेन्द्र सोनकर की साइबर हेल्प डेस्क टीम कम्प्यूटर आपरेटर हर्षित कुमार एवम महिला कांस्टेबल सोनम ने अपनी तेज तर्रार कार्रवाई से साइबर ठगों को एक बड़ा सबक सिखाते हुए पीड़ित राहुल चौधरी निवासी ग्राम ढायकी से ठगी गई 12000 रूपए की शत प्रतिशत धनराशि उसके बैंक खाते में कराई वापस। पीड़ित राहुल चौधरी ने इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र सोनकर सहित उनकी साइबर हेल्प डेस्क टीम का, किया धन्यवाद अदा।

# आगामी त्योहारों को लेकर थाने में मीटिंग आयोजित की गई

**वेलकम इंडिया**

आगरा में थाना कमला नगर क्षेत्र में आगामी होली और ईद त्योहारों को लेकर थाना कमला नगर में पीस कमेटी की एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया मीटिंग में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी पवन कुमार सैनी ने कहा कि आगामी होली और ईद का त्यौहार शांति पूर्वक मनाया जाए। और अगर कोई भी शरारती तत्व क्षेत्र में शांति फैलता है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को देकर उसको रोका जाए साथी लोगों को हर संभव मदद का भरोसा दिया तो वही लोगों ने भी आश्वासन देते हुए कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं क्षेत्र मैं लड़ाई झगड़ा हुआ शांति पिलाने वालों को रोकने के लिए हम आपके के साथ हैं ।



# जनपद न्यायालय को मिली बम से उड़ाने की धमकी पुलिस अलर्ट जांच जारी



**वेलकम इंडिया**

आगरा में ई-मेल के माध्यम से न्यायालय आगरा को बम से उड़ाने की धमकी से प्रशासन मे हड़कंप मच गया आनन फानन मे अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, हरीपर्वत व सहायक पुलिस आयुक्त, एलआईयू व टीम, डॉग स्क्वॉड आदि संयुक्त रूप से सघन चेकिंग व सैनेटाइजेशन अभियान मे जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को ईमेल के माध्यम से आगरा जनपद न्यायालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी के बाद प्रशासन मे हड़कंप मच गया, पुलिस एवं जांच एजेंसियो ने न्यायालय परिसर की घेराबंदी कर सघन चैकिंग अभियान शुरू किया गया है, पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ खुफिया विभाग अलर्ट मोड पर है, कचहरी परिसर की तलाशी लेने के साथ पुलिस मेल भेजनें वाले की खोजबीन मे जुटी हुई है, समाचार लिखें जाने तक कोई संदिग्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से न्यायालय परिसर व आसपास चेकिंग जारी है तथा प्रशासन ने प्रतिदिन सघन चेकिंग जारी रखने का निर्णय लिया है, अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, ह्ल हरीपर्वत महाडिक अक्षय संजय ने बताया कि संबंधित ई-मेल की तकनीकी जांच की जा रही है।

# आयुक्त चौपाल में रेडक्रास सोसायटी द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य कैम्प

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर**। मुरादाबाद मण्डल के आयुक्त आंनजेय कुमार द्वारा ग्राम मुबारकपुर तालन में ग्राम चौपाल का आयोजन कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का स्थलीय परीक्षण किया।

इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा कौशलेंद्र सिंह व चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी टीकम सिंह की देख रेख में किया गया। शिविर में 124 दृष्टि बाधित महिला पुरुषों को चश्मा वितरण, 137 रोगियों का परीक्षण व दवा वितरण, 72 महिला पुरुषों का एक्स-रे किया गया। इस अवसर बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, चेस्ट विशेषज्ञ, फिजिशियन डाक्टरों की टीम उपस्थित रहीं। रेडक्रास सोसायटी के डा सुबोध चन्द्र शर्मा, योगेन्द्र पाल सिंह योगी, डा विशाल, योगेश ठाकुर सभी डायरेक्टर उपस्थित रहे। चौपाल में जिलाधिकारी जसजीत कौर, सीडीओ रणविजय सिंह, उप जिलाधिकारी बिजनौर श्रीमती रीतु चौधरी सहित विभिन्न विभागों के समस्त जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड निर्माण में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने समस्त चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का वेतन बाधित करते हुए निर्देशित किया कि अपने अधीन संचालित प्रत्येक ऑपरेटर आईडी से प्रतिदिन न्यूनतम 5 आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। डीपीसी आयुष्मान भारत योजना में डॉ. नरेन्द्र को कार्य में अपेक्षित सुधार न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिदिन समीक्षा कर यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि कितनी ऑपरेटर आईडी से कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। ऐसी आईडी को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। समीक्षा के दौरान नगरीय क्षेत्र रामपुर में कार्य निष्पादन संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए मोहल्ला पुराना आवास विकास कॉलोनी, थाना कुण्डा, तिलक कॉलोनी, दरख्तखिन्नी, इन्द्रा कॉलोनी, मस्जिद काले खां, साई विहार एवं घेर तोगा क्षेत्र की कुल 8 आशा कार्यकताओं को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण सेवा से हटाने की कार्रवाई की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा आमजन को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से उपलब्ध कराया जाए। डीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि ग्राम सचिवों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को गति दी जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी कोटेदारों की अनिवार्य रूप से ऑपरेटर आईडी बनवाकर अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड तैयार कराए जाएं। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों के भुगतान में विलंब पाए जाने पर संबंधित नोडल अधिकारी का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करने के निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 23 मातृ मृत्यु रिपोर्ट होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि किसी भी प्रकरण में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उत्तरदायी होंगे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि टीकाकरण सत्र में आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं की समस्त जांचें एमसीपी कार्ड में अनिवार्य रूप से अंकित कराई जाएं।

# आगरा पुलिस का रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान

**वेलकम इंडिया**

**आगरा**। पुलिस कमिश्नर आगरा के निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन कर रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 23.02.2026 को 03 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। पुलिस कमिश्नर ने समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि सड़क पर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। आगरा पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करते हुए निर्धारित साइड में ही वाहन चलाये तथा सड़क पर अनुशासित व्यवहार अपनाएँ।





# जिला चिकित्सालय परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**। जनपद में आम नागरिकों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय रामपुर परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने फीता काटकर किया। निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा उद्घाटन के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध दवाओं की सूची, मूल्य निर्धारण प्रणाली एवं भंडारण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र पर सभी आवश्यक दवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा पारदर्शिता बनाए रखी जाए। गरीब एवं मध्यम वर्ग के लिए राहत उपस्थित नागरिकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह केंद्र विशेष रूप से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे मरीजों के जेब से होने वाले खर्च में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने कहा कि आमजन अधिकृत जन औषधि केंद्र से दवाएं प्राप्त कर योजना का लाभ उठाएं। ब्रांडेड दवाओं की अपेक्षा अत्यंत कम दरों पर उपलब्धता। सभी दवाएं निर्धारित गुणवत्ता परीक्षणों से प्रमाणित एवं आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची के अनुरूप। समाज के कमजोर एवं मध्यम वर्ग को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना। दवाओं की दरें सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप।

# रामपुर जिला अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा बहुत अच्छे कार्य हो रहे हैं (उस्मान बबलू )

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर**। सचित ब्रेकर्स के प्रोपराइटर इकबाल हुसैन शहजाद नगर जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी से मुलाकात की और जनपद रामपुर में उनके नियुक्त होने पर उन्हें बधाई देकर सम्मानित किया इकबाल हुसैन ने जिलाधिकारी रामपुर से वातार्लाप भी किया उनके साथ रालोद के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोङ्क उस्मान बबलू इकबाल हुसैन के सहयोगी राहत अली खान क्षेत्रीय महासचिव महबूब अली द्वारा मुलाकात कर जनपद रामपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र की भी चर्चा की गई और इकबाल हुसैन द्वारा जिला अधिकारी रामपुर से मांग की गई की महोदय उद्योग और व्यापार की तरह भी ध्यान आकर्षित करने की कृपा करें जिलाधिकारी रामपुर ने सभी लोगों को भरोसा दिया जनपद रामपुर में सभी अमीर गरीब मजदूर किसान के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा जब से रामपुर जिला अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने चार्ज लिया है तब से रामपुर में बहुत अच्छे कार्य हो रहे हैं सभी अधिकारी हर फरियादी की बात को सुन रहे हैं समस्याओं का निस्तारण तुरंत हो रहा है।

# शक्ति चौक से नगीना मार्ग हाईवे लिंक तक गड्ढा भराव और क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत प्राथमिकता पर कराई जाए

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शक्ति चौक से नगीना मार्ग के हाईवे लिंक तक सड़क पर बने गड्ढों को तत्काल भरवाकर क्षतिग्रस्त मार्गों की समुचित मरम्मत कराई जाए। स्पष्ट किया गया कि आगामी उद्योग बंधु बैठक में यह विषय दोबारा लंबित न रहे। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उद्योग बंधु बैठकों में उठाए गए प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि औद्योगिक विकास को गति मिले और शासन के प्रति उद्यमियों का विश्वास सुदृढ़ हो। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित विभागीय प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के भी निर्देश दिए गए। उपायुक्त उद्योग को जनपद में औद्योगिक विकास को गतिशील बनाने के लिए निवेशकों और उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा में अवगत कराया गया कि जिले में हस्ताक्षरित 293 एमओयू में से 121 जीबीसी के लिए तैयार हैं, 91 में व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ हो चुका है, 30 लंबित हैं, 10 निमार्णाधीन एवं प्रगति पर हैं, जबकि 2 एमओयू में कोई रुचि प्रदर्शित नहीं की गई है। नए निवेश आकर्षित करने के लिए अतिरिक्त एमओयू तलाशने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा में यह भी सामने आया कि एमओयू के अंतर्गत क्रियाशील औद्योगिक इकाइयों में लगभग 58 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा में बताया गया कि पोर्टल पर 578 आवेदन प्रदर्शित हैं, जिनमें से 227 का प्रथम स्तरीय सत्यापन, 108 का द्वितीय स्तरीय सत्यापन तथा 85 आवेदनों को तृतीय स्तर की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 1750 के लक्ष्य के सापेक्ष 2980 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं। इनमें से 1283 आवेदन स्वीकृत हुए हैं तथा 1238 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया जा चुका है। बैंक स्तर पर 582 आवेदन लंबित हैं, जबकि 1180 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप टम्टा, जीएसटी, उद्योग, खादी ग्राम उद्योग, पंचायत राज, खाद्य सुरक्षा विभाग, पशु पालन विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा उद्योग एवं व्यापार बंधु मौजूद थे।

# त्योहारो को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए हुई शांति समिति की बैठक

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नगीना होली और ईद के त्योहारो को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें थाना प्रभारी ने कहा कि अमन शांति से खिलवाड़ करने वाले शरारती तत्व बख्शे नहीं जाएंगे।

सोमवार को शांति समिति की एक बैठक थाना परिसर में थाना प्रभारी अवनीत मान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ मंदिर के अध्यक्ष सलिल अग्रवाल प्रबंधक मुकेश अग्रवाल उर्फ आले व भाजपा के प्रमोद चौहान ने होली त्योहार के कार्यक्रम के विषय में बताया कि 28 फरवरी की दोपहर



को द्वादशी को गीले रंग का जुलूस 3 मार्च को होली दहन और भगवान नरसिंह का जुलूस, 4 मार्च को दुलहैंडी के दिन सुबह को हवन गुलाल और दोपहर से गीले रंग का जुलूस निकाला जाएंगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह इस बार भी सभी जुलूस को शांतिपूर्ण निकलवाने में पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जिम्मेदार लोगों से सहयोग की अपील की है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने कहा कि होली हो या ईद सभी त्योहार शांति सद्भावना का संदेश लेकर आते हैं इसलिए सभी त्योहारों को एक दूसरे की भावना का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की उन्होंने कहा कि त्योहार की खुशी में खलाल डालने वाले किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे उन्होंने कहा कि जुलूसो की निगरानी ड्रोन कैमरो से की जाएगी। ताकि शरारत करने वाले शरारती लोग पुलिस की पकड़ में आ सके। होली और ईद के मौके पर नगर क्षेत्र की विशेष सफाई और पथ प्रकाश व्यवस्था भी चाक चोबन कराई जाएगी ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो सके इस अवसर पर मुफ्ती ओवैस अकरम, सौरभ मित्तल, मुकेश कुमार, राजकुमार बिश्नोई, गोपाल शर्मा, बृजमोहन उर्फ बली बिश्नोई, सिद्दीकी मुल्तानी, कपिल पवार सभासद सहित नगर के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मंडल आयुक्त आंनजय कुमार ने 'ग्राम चौपाल' के जरिए परखी विकास कार्यों की जमीनी हकीकत

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** मंडल आयुक्त मुरादाबाद मंडल आंनजय कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर के ग्राम मुबारकपुर तालन स्थित समग्र विद्यालय परिसर में ३ग्राम चौपाल३ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम मंडल आयुक्त द्वारा समग्र विद्यालय स्थित पंचायत भवन का निरीक्षण किया और वहां मौजूद अभिलेखों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पंचायत घर में अधिकतर रजिस्टर खाली मिले और अन्य रजिस्टर मानक के अनुरूप पूरे नहीं पाए जाने पर नाराजगी करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जन्म मृत्यु पंजिका, उपस्थिति पंजिका, टीकाकरण कार्यक्रम, चल-अचल संपत्ति रजिस्टर सहित सभी पंजिकाएं निर्धारित मानक के अनुरूप अद्यतन सूचनाओं के साथ पूरी करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उसके बाद उन्होंने एस्ट्रोलॉजी लैब का निरीक्षण किया और बच्चों से प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा ज्यादातर प्रश्नों के जवाब संतोषजनक दिए गए। लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान वहां पुरानी और नई किताबें पाई गई जो सभी सुव्यवस्थित रूप से अलमारी में रखी हुई थी। आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों को प्यार करते हुए उनसे बातें कीं। आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस पाया गया और बड़ी एलइडी एवं इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स के माध्यम से नन्हे-मुन्ने बच्चों को अक्षर एवं अन्य ज्ञान उपलब्ध कराया जाना प्रकाश में आया, जिसकी माननीय आयुक्त द्वारा प्रशंसा की गई। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में कृषि, समाज कल्याण, एनआरएलएम सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए स्टालों का निरीक्षण किया। तदुपरांत मंडल आयुक्त द्वारा स्कूल भवन परिसर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र और एस्ट्रोलॉजी लैब का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम से पूर्व प्राथमिक विद्यालय अग्री तथा कस्तूरबा गांधी स्कूल की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं बाल संसद पर आधारित कार्यक्रम का भव्य रूप से प्रस्तुतीकरण किया गया। विकास कार्यों के सत्यापन के दौरान गांव में आंगनबाड़ी केंद्र, समग्र विद्यालय, एस्ट्रोलॉजी लैब सहित अन्य विकास कार्य मानक के अनुरुप सही एवं पूर्ण पाए गए। इसी प्रकार वृद्धावस्था दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों द्वारा नियमित रूप से पेंशन मिलना बताया गया। गांव में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभार्थियों को राशन का नियमानुसार वितरण होना पाया गया। कार्यक्रम के दौरान मण्डल आयुक्त ने दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं दो शिशुओं को अन्नप्राशन भी कराया। अंत में उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, बीज अनुदान योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण समग्र रोजगार योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद ग्राम वासियों की शिकायत के दृष्टिगत गांव से वापसी पर उन्होंने पानी-कीचड़ से भरी हुई सड़क का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को तत्काल सड़क का नाम निर्माण करने के निर्देश दिए ग्राम वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा उठाए गई सभी समस्याओं संबंध में उनके द्वारा सभी समस्याओं को नोट किया गया है और सभी उनका निराकरण पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर शीघ्रता के साथ सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, अपर आयुक्त एवं डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ घनश्याम सिंह, उपयुक्त मनरेगा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# आयुक्त चौपाल में रेडक्रास सोसायटी द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य कैम्प



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** मुरादाबाद मण्डल के आयुक्त आंनजेय कुमार द्वारा ग्राम मुबारकपुर तालन में ग्राम चौपाल का आयोजन कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का स्थलीय परीक्षण किया। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र सिंह व चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी टीकम सिंह की देख रेख में किया गया। शिविर में 124 दृष्टि बाधित महिला पुरुषों को चश्मा वितरण, 137 रोगियों का परीक्षण व दवा वितरण, 72 महिला पुरुषों का एक्स-रे किया गया। इस अवसर बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, चेस्ट विशेषज्ञ, फिजिशियन डाक्टरों की टीम उपस्थित रहीं। रेडक्रास सोसायटी के डॉ सुबोध चन्द्र शर्मा, योगेन्द्र पाल सिंह योगी, डा विशाल, योगेश ठाकुर सभी डायरेक्टर उपस्थित रहे। चौपाल में जिलाधिकारी जसजीत कौर, सीडीओ रणविजय सिंह, उप जिलाधिकारी बिजनौर रीतु चौधरी सहित विभिन्न विभागों के समस्त जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आयुक्त मुरादाबाद ने किया स्वदेशी विदुर ब्रांड पशु आहार उत्पादन एवं शुद्ध सरसों तेल प्लांट का उद्घाटन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायत असदपुर धमरोली में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि आञ्जनेय कुमार सिंह आयुक्त मंडल मुरादाबाद के कर कमलों से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वदेशी विदुर ब्रांड बिजनौर के पशु आहार उत्पादन एवं शुद्ध सरसों तेल प्लांट का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि आञ्जनेय कुमार सिंह आयुक्त मंडल मुरादाबाद का आकांक्षा चौहान, ब्लॉंक प्रमुख नूरपुर तथा डॉ दिनेश पाल शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। ग्राम पंचायत असदपुर धमरोली में शुद्ध सरसों तेल प्लांट का संचालन एकता स्वयं सहायता समूह जिसमें बाला देवी अध्यक्ष, हेम कौर सचिव तथा मोनिका कोषाध्यक्ष के द्वारा तथा पुश आहार उत्पादन प्लांट का संचालन बालाजी स्वंय सहायता समूह जिसमें लीलावती अध्यक्ष, मनोज देवी सचिव व अनीता देवी कोषाध्यक्ष के द्वारा किया जा रहा है। विकास खण्ड नूरपुर में आकांक्षा चौहान ब्लॉंक प्रमुख नूरपुर, डॉ दिनेश पाल शर्मा खंड विकास अधिकारी तथा सलीम अहमद सहायक विकास अधिकारी (ग्राम विकास) के अथक प्रयासों से स्वंय सहायता समूह की महिलाएँ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए अपनी स्वंय की आय में बृद्धि करते हुए नये आयामों को छू रही है। आञ्जनेय कुमार सिंह आयुक्त मंडल मुरादाबाद ने उद्घाटन के पश्चात समूहों की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि जनपद बिजनौर के विदुर ब्रांड के अन्तर्गत समूह की महिलाएँ घरेलू उपयोगी के शुद्ध उत्पादों को बनाकर आत्मनिर्भर हो रही है तथा स्वंय की आय में बृद्धि कर अपना और समाज का भविष्य बदल रही है उसके पश्चात विदुर ब्रांड के उत्पादों को देखा। इस मौके पर रण विजय सिंह मुख्य विकास अधिकारी, वीरेन्द्र यादव उपायुक्त स्वतः रोजगार, आर बी यादव डीसी मनरेगा, करूणा चौहान सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), रविता राठी बीएमसी, नीरज कुमार, लोकेश कुमार, गौरव कुमार, आदि ग्राम पंचायत सचिव, निशा, ज्योति, बबीता, मुनेश, सीमा आदि स्वंय सहायता समूह की महिलाएँ, छोटन, जावेद अख्तर बीएमएम आदि मौजूद रहे।

# जनपद में निर्माण कार्यों व सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा, रैंक सुधारने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़, हापुड़ द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जनपद में संचालित 50 लाख रुपये से अधिक तथा 50 लाख रुपये से कम लागत के निर्माण कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी ने अवगत कराया कि 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं में राजकीय महिला महाविद्यालय धौलाना, गौ संरक्षण केंद्र धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर में वृजघाट निर्माण कार्य एवं आईटीआई निर्माण परियोजना शामिल हैं। आईटीआई की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर शीघ्र हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराने को कहा गया।50 लाख रुपये से कम लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा के अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय गढ़मुक्तेश्वर, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कॉलेज सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के साथ समय से पूरे किए जाएं। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान कुछ विभागों की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जिन विभागों की रैंक उ, ऊ एवं ए श्रेणी में है, उन्हें निर्देशित किया गया कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर डाटा फीडिंग शुद्ध एवं समय पर की जाए, ताकि जनपद की रैंक में सुधार हो सके। आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व खराब रैंक वाले विभागों को स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

# थाने में तैनात सिपाही की बिगड़ने से मौत अचानक तबियत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर थाने में तैनात पुलिसकर्मी नितिन मलिक जो की भनेड़ा चौकी पर लगभग चार महीने से तैनात था। कल शाम लगभग छह बजे थाना परिसर में अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने पर उसको थाना स्टाफ द्वारा चिकित्सक के यहा ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा उसको मृत घोषित कर दिया गया। जिसकी सूचना तुरंत उसके परिजनों को दी गई। नितिन मलिक के पार्थिव शरीर को उसके गांव शामली जिले के गांव लाख थाना कोतवाली ले जाया गया। जहां पर उसका आज सुबह अंतिम संस्कार सिपाही की अचानक मौत से पूरे थाने में शोक - महज 39 साल का था मृतक नितिन मलिक किया गया। नितिन मलिक के एक बेटा और एक बेटी है। नितिन मलिक की उम्र लगभग 39 वर्ष बताई जाती है। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर उनके अंतिम संस्कार में उनके परिजनों के साथ मौजूद रहे, और उनके परिजनों को सानतवना दी। सिपाही नितिन मलिक के आकस्मिक निधन पर थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ द्वारा शोक व्याप्त किया गया।

# छात्राओं ने सीखे प्राथमिक उपचार के गुर, आपदा में मदद को तैयार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**बरेली।** आपदा के समय घायलों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना और प्राथमिक उपचार देकर जनहानि को कम करना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत लगभग 70 छात्राओं को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान नागरिक सुरक्षा कोर के सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दैवीय आपदाओं के समय बिना घबराए घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना और उन्हें प्राथमिक उपचार देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने बताया कि उचित प्रशिक्षण से आपदा की स्थिति में कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।प्रशिक्षण सत्र में छात्राओं को मानवीय बैसाखीह्व बनाकर घायलों को सुरक्षित उपचार स्थल तक पहुंचाने के विभिन्न तरीके सिखाए गए। छात्राओं ने सिंगल हैंडशीट, टू हैंडशीट, थ्री हैंडशीट और फोर हैंडशीट तकनीकों का अभ्यास किया। इसके अलावा कंबल एवं बांस की सहायता से अस्थायी स्ट्रेचर तैयार कर घायलों को निकालने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण में हिना, कीर्ति पाल, ताइबा बी, श्वेता, प्रयांकी मिश्रा, जिया, कनक, ममता, गौरी शर्मा, काजल, अलीना, इरम, अंजलि शर्मा, रिधिमा मल्होत्रा, समीक्षा सिंह, राशी, अदिति शर्मा, ज्योति भारती, रीतू शर्मा, कोमल प्रजापति, उत्तरी कुमार सहित अन्य छात्राओं ने विशेष उत्साह के साथ सहभागिता की।

# डॉ. अम्बेडकर ब्लड फाउंडेशन की कार्यकारिणी गठित

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर. डॉ. भीमराव अम्बेडकर ब्लड फाउंडेशन राजस्थान (बीआरएबीएफ) ने बुलंदशहर में अपनी शाखा का उद्घाटन किया है। मंगलवार को स्याना स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में एक बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्याना तहसील में संस्था का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी सतीश कुमार को सौंपी गई। फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष निर्मल कुमार खटीक ने बताया कि स्याना तहसील में संस्था की स्थापना की जाएगी। इस विस्तार के साथ, फाउंडेशन अब राजस्थान के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश में भी रक्तदान के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अजब सिंह ने बताया कि स्याना में बीआरएबीएफ की स्थापना के लिए संस्थापक अध्यक्ष मनोज कुमार से संपर्क किया जा रहा था। स्याना में नवगठित संस्था के तत्वावधान में आगामी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर स्याना नगर पालिका चेयरमैन ऋषिपाल सिंह चौधरी, सहायक शिक्षक सौरभ कुमार, पर्यावरण सहायक एमसीडी दिल्ली अंकुश कुमार, एसबीआई के पूर्व प्रबंधक रूप राम सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक छतर सिंह और श्रम विभाग के पूर्व जिला प्रबंधक जयप्रकाश सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने चित्तौड़गढ़ से आए फाउंडेशन के समन्वयक भैरू लाल बैरवा और अन्य पदाधिकारियों का माला व उपरणा पहनाकर स्वागत किया।

# नौ गौरीझ्रनौ दुर्गा मंत्रों से अभिमंत्रित हल्दी से सजेगा गौरा का गौना

(संतोष कुमार सिंह )

**वाराणसी:-** महाशिवरात्रि के दिव्य उत्सव के बाद अब काशी में शिव - विवाह की परंपराओं का अगला भावपूर्ण अध्याय प्रारंभ होने जा रहा है ` रंगभरी (अमला) एकादशी के पावन अवसर पर निकलने वाली बाबा विश्वनाथ की ऐतिहासिक पालकी यात्रा से पूर्व माता गौरा के गौने की रस्में 24 फरवरी मंगलवार से विधिवत आरंभ होंगी` टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास गौरा-सदनिका में आयोजित पत्रकार वार्ता में महंत पं.वाचस्पति तिवारी ने विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि इस वर्ष भी काशी की शताब्दियों पुरानी लोकपरंपरा के अनुरूप नौ गौरीझ्रनौ दुर्गा के आव्हान मंत्रों से अभिमंत्रित पावन हल्दी माता गौरा को अर्पित की जाएगी उन्होंने बताया कि 27 फरवरी शुक्रवार को रंगभरी एकादशी का मुख्य उत्सव मनाया जाएगा,जब बाबा विश्वनाथ की पालकी यात्रा सायंकाल मंदिर से प्रस्थान करेगी और नगर को भक्ति,उल्लास और रंगों से सराबोर कर देगी` पत्रकार वार्ता में बताया गया कि 24 फरवरी को सायंकाल 6:45 बजे माता गौरा की तेल हल्दी की रस्म अदा की जाएगी इससे पूर्व काशी के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में विशेष अनुष्ठान संपन्न होगा जहां नौ गौरी और नौ दुर्गा के आव्हान मंत्रों से हल्दी को विधिवत पूजित और अभिमंत्रित किया जाएगा` महंत पं.वाचस्पति तिवारी ने कहा कि काशी की लोकमान्यता के अनुसार गौरा केवल आराध्य देवी नहीं, बल्कि नगर की बेटी हैं` विवाहोपरांत जिस प्रकार घर- परिवार में दुल्हन को गौने से पूर्व हल्दी लगाई जाती है उसी आत्मीय भाव से माता गौरा को भी यह मंगल रस्म अर्पित की जाती हैं` हल्दी अर्पण से पूर्व 11 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वेद मंत्रों के साथ विशेष पूजन होगा` शंखध्वनि और घंटानाद के बीच मंडप में विराजमान गौरा की चल प्रतिमा को परंपरागत रीति से हल्दी चढ़ाई जाएगी ` गौनहारिनों की टोली पारंपरिक मंगलगीत और सोहर गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देगी 25 फरवरी बुधवार को दोपहर तीन बजे बाबा की पारंपरिक पालकी का पूजन किया जाएगा` पालकी की साफ-सफाई, रंग रोगन और सजावट का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं` सायंकाल 6:30 बजे माता गौरा का षोडशी श्रृंगार होगा` पारंपरिक काशी शैली में रेशमी वस्त्र, स्वणाभूंषण,पुष्पमालाओं और चंदन रोली से सुसज्जित स्वरूप श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ प्रस्तुत किया।



# ऑफिस में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला

**हापुड़।** थाना क्षेत्र हापुड़ नगर कोतवाली के आनंद विहार सी ब्लॉक-1 में सोमवार दोपहर एक दबंग युवक द्वारा ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में घायल युवक को पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर कॉलोनी निवासी दीपक अपने ऑफिस में मौजूद थे। आरोप है कि 23 फरवरी की दोपहर ग्राम अच्छेजा निवासी पवन पुत्र चंद्र अचानक ऑफिस में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए दीपक पर हमला कर दिया।

# बच्चों के बीच वैज्ञानिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर उत्कृष्ट बच्चों को किया पुरस्कृत

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी/ सिद्धार्थनगर।** सिध्दार्थनगर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ0प्र0 के तत्वावधान में जिलाधिकारी शिव शरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक सिद्धार्थनगर अरुण कुमार की सहमति एवं निर्देशन में जनपद के मेधावी विद्यार्थियों हेतु वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं/ औद्योगिक संस्थानों के भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम का मंगलवार को आयोजन जिला विज्ञान क्लब सिद्धार्थनगर द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ नायब तहसीलदार बांसी महबूब आलम, प्रोफेसर के0पी0 त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य राजा रतन सेन पीजी कॉलेज बांसी तथा मृत्युंजय पाठक प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बांसी ने वैज्ञानिक भ्रमण बस को तहसील बांसी गेट से हरी झण्डी दिखाकर मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय व हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड गोरखपुर के लिए रवाना किया।नायब तहसीलदार महबूब आलम ने उक्त अवसर पर स्कूली बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक शोध एवं भ्रमण कार्यक्रम से स्कूली बच्चों के अन्दर विभिन्न वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्रो और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर गहन शोध और अध्ययन करने का अवसर मिलता है, ताकि वह अपने लिए उपयुक्त वैज्ञानिक क्षेत्र का चयन कर अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सही शिक्षा प्राप्त करें। पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर के0पी0 त्रिपाठी ने कहा कि यह वैज्ञानिक भ्रमण विद्यार्थियो लिए एक अनूठा अनुभव है। इससे न केवल उनके वैज्ञानिक ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि उन्हें भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में कैरियर चुनने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के अधिकारी रोहन सैनी द्वारा फर्टिलाइजर फैक्ट्री के विभिन्न जगहों का भ्रमण कराते हुए वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी प्रदान की गई। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के कार्यशाला अधीक्षक अंजनी कुमार सिंह, फोरमैन इंजीनियर बृजेश सिंह, इंजीनियर अशोक कुमार ने इंजीनियरिंग कॉलेज मे निर्मित विभिन्न तकनीकी मॉडलों का अवलोकन कराते हुए वैज्ञानिक जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम के अन्त में इंजीनियरिंग कॉलेज के आर्यभट्ट हाल में डॉ0 अवधेश कुमार एसोसिएट प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्षता में स्कूली बच्चों के बीच वैज्ञानिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत किया गया।





# ये छात्र-छात्राएं कल के वैज्ञानिक बनकर देश का करेंगे विकास : विधायक विनय वर्मा

**असदुल्लाह सिद्दीकी**





**शोहरतगढ़/ सिद्धार्थनगर।** विधानसभा शोहरतगढ़.के कठेला क्षेत्र में स्थित सिद्धार्थ जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि विधायक शोहरतगढ़.विनय वर्मा रहें। विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बहुत ही सुन्दर प्रोजेक्ट कार्य बनाया, जिसका विधायक विनय वर्मा ने अवलोकन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्कूल में विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी में विधायक विनय वर्मा ने छात्रों के नवाचारों की सराहना करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच, आत्मविश्वास और रचनात्मकता विकसित करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज का ज्ञान-विज्ञान ही आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेगा और ये छात्र-छात्राएं कल के वैज्ञानिक बनकर देश का विकास करेंगे। वहीं इस दौरान विधायक विनय वर्मा ने विधानसभा शोहरतगढ़.के कठेला क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए प्रतिष्ठित विद्यालय सिद्धार्थ जूनियर हाई स्कूल को उच्चीकृत करने हेतु 25 लाख रुपए की सहयोग राशि से गुणवत्तापूर्ण विद्यालय का निर्माण करने का आश्वासन दिया, जिससे क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छा संस्कार प्राप्त कर सकें। विद्यालय के प्रबन्धक से हरिराम पाण्डेय, अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय को विधायक विनय वर्मा ने इस प्रकार के अच्छे कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दिया और क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मदरहवा बाबा सुरेश्वर पुरी, बृहस्पति नाथ चौबे, ओमप्रकाश वर्मा, राजकिशोर मोदनवाल, पंकज गुप्ता, महेन्द्र वर्मा, राहुल सोनी, राम लखन, राज कुमार गुप्ता, कुलदीप सहित अन्य क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहें।

## छात्रा पर चाकुओं से जानलेवा हमला, खेत में फेंककर फरार हुए बदमाश

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद के बाबूगढ़ क्षेत्र में एक छात्रा पर अज्ञात बदमाशों द्वारा चाकुओं से जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमलावर छात्रा को गंभीर रूप से घायल कर खेत में फेंककर मौके से फरार हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती के गर्दन और हाथ पर चाकुओं से कई वार किए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्रा को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है।घटना की गंभीरता को देखते हुए ल्संत्र४१ के क्षेत्राधिकारी (सीओ) सिटी वरुण मिश्रा स्वयं मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ संबंधित चौकी इंचार्ज ओमकार गंगवार व अन्य पुलिस बल भी मौजूद रहा। फोरेंसिक टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर जांच के लिए सुरक्षित किए हैं।पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कुमाऊँ आयुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत ने जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के साथ कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं, अभिलेख संधारण एवं लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नजरत अनुभाग में सरकारी वाहनों की मरम्मत, ईंधन व्यय तथा उपलब्ध बजट की स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया गया। ईंधन मद में व्यय की समीक्षा करते हुए दस्तावेज और बीजक अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखें जाने के निर्देश दिए गए। शस्त्र संबंधी अभिलेखों का सूक्ष्म परीक्षण किया गया तथा उनके अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए गए। कार्यालय के विभिन्न पटलो का निरीक्षण करते हुए कार्य वितरण की स्थिति की जानकारी ली गई। कर्मचारियों से संवाद कर दायित्वों के स्पष्ट निर्धारण, फाइलों के समयबद्ध निस्तारण तथा विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए। समस्त दस्तावेजों एवं अभिलेखों का गहन निरीक्षण कर अभिलेख संधारण व्यवस्था की जांच की गई।तत्पश्चात खनन अनुभाग में खनन से संबंधित प्रकरणों, राजस्व प्राप्तियों एवं लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला खनिज निधि के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई तथा कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व, शिकायत, शस्त्र एवं नागरिक सुरक्षा पटल का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं समयबद्ध निस्तारण पर बल दिया गया। न्यायालय संबंधी कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा कर अभिलेखों की जांच की गई तथा लंबित वादों के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस दौरान अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल, उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी, उप जिलाधिकारी अनिल चनियाल सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संसद प्रतिनिधि रोहित सागर की बहन के विवाह समारोह में पहुंचे सांसद चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी पदाधिकारी



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**चांदपुर।** संसद प्रतिनिधि रोहित सागर की बहन के विवाह समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोगों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर नगीना लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया और परिवार को शुभकामनाएं दीं।समारोह में ज़िला प्रभारी एवं चांदपुर विधानसभा प्रभारी मोहम्मद ताहिर भी मौजूद रहे। उन्होंने भी नवदंपति को सुखद वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाएं दीं।इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि व शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने विवाह समारोह में शामिल होकर परिवार के साथ खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का आयोजन सादगी और पारिवारिक सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

## मोदीनगर के आईएमए अध्यक्ष डॉ योगेश सिंघल ने स्टेट वर्किंग कमेटी की मीटिंग में लिया भाग

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** देवरिया जनपद के होटल पार्थ रेजीडेंसी में आईएमए उत्तर प्रदेश की साल 2026 की पहली स्टेट वर्किंग कमेटी की मीटिंग हुई। 2026 की स्टेट वर्किंग कमेटी के चुनाव 2025 में हुए थे। जिससे 150 सदस्य चुन कर आए। इसके अलावा कमिटी ने 10 ऐसे सदस्य जो आईएमए में बेहद सक्रिय हैं पर कमिटी का चुनाव नहीं लड़े उनको सम्मान देते हुए कमिटी के लिए नॉमिनेट किया । इसमें एक नाम मोदीनगर के आईएमए अध्यक्ष डॉ योगेश सिंघल का भी था । डॉ योगेश सिंघल ने समाज के अंदर एक डॉक्टर की भूमिका पर प्रकाश डाला।, समाज डॉक्टर्स से क्या उम्मीद रखता है और डॉक्टर समाज से क्या चाहता है कैसे अदान प्रदान हो के एक सामंजस्य बना रहे जैसे विषय पर चर्चा अपने आप में चर्चा का विषय बनी रही ।इससे पहले भी डॉ योगेश स्टेट कमिटी की मीटिंग में शामिल होने कानपुर , गोरखपुर , शाहजहांपुर, बरेली, प्रयागराज, नोएडा , लखनऊ, बुलंदशहर , गाजियाबाद इत्यादि जगह जा चुके हैं ।

## श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय एनएसएस विशेष शिविर का हुआ रंगारंग समापन

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्दी विनायक महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। विशेष शिविर में स्वयंसेविकों ने सात दिन तक जागरूकता रैली, स्वच्छता मिशन, स्वास्थ्य, साक्षरता, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों से गांव वासियों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने ग्राम अडींग, राल, छटीकरा, पैंठा, महमदपुर, सूरसाधना स्थली, चंद्र सरोवर, कमल कुंड, कुसुम सरोवर, कस्बा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग आदि पर श्रमदान किया। एनएसएस विशेष शिविर समापन समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी राधाकुंड के पीठाधीश्वर केशव दास महाराज, निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, श्रीमती मधु शर्मा ने श्री गडेश जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट ने राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के सफल संचालन और सराहनीय कार्यों के लिये एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रमों में गीतकाव्य, दहेज नाटक, भजन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, राजस्थानी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, होली गायन, झूमर नृत्य, आदि की रंगारंग प्रस्तुतियां छात्रायों ने दी। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा एवं सतीश शर्मा ने सभी अतिथियों का पटुका उड़ाकर और गिर्राज जी की छवि देकर स्वागत किया। संचालन पीटीआई दिलीप यादव ने किया। कार्यक्रम में शिक्षा निदेशक महेश चंद्र अग्रवाल, भारत उपाध्याय, टीकम सिंह रजावत, भानु अग्रवाल, हारून कुरैशी, जे.पी सिंह, पवन, विष्णुकांत शर्मा, के.पी सिंह, बाल कृष्ण सैनी, दिनेश कौशिक, चंद्र शेखर शर्मा, प्रकाश सिंह, याचना शर्मा, नीलम, मोनिका भारद्वाज, बुलबुल कौशिक, अर्चना माथुर आदि उपस्थित थे।

# कुमाऊँ आयुक्त का बागेश्वर दौरा

**वेलकम इंडिया**

बागेश्वर, गोविन्द मेहता,कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत दो दिवसीय दौरे में बागेश्वर पहुँचे। प्रथम दिन कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की व्यापक एवं विस्तृत समीक्षा की गई। सर्वप्रथम जनपद आगमन पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा उनका पुष्पगुच्छ देकर औपचारिक स्वागत किया गया तथा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।आयुक्त को बैठक में समस्त विभागों द्वारा जनपद में संचालित जिला योजना, राज्य पोषित एवं केंद्र पोषित योजनाओं, अवशेष धनराशि की स्थिति तथा मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। मत्स्य विभाग द्वारा ट्राउट मछली उत्पादन की उपलब्धियों,उद्यान विभाग द्वारा कीवी उत्पादन की वर्तमान स्थिति, विपणन संभावनाओं तथा आगामी 10 वर्षों की कार्ययोजना के रोडमैप की विस्तृत प्रस्तुति दी गई।साथ ही ह्लअभिनव पहलह्व के अंतर्गत जनपद में पहली बार प्रारंभ की गई काला धान की खेती के बारे में भी विस्तार से जानकारी साझा की गई। जिला मिशन इकाई द्वारा कुटकी उत्पादन की प्रगति से भी आयुक्त को अवगत कराया गया।

पशुपालन विभाग द्वारा ब्रायलर फार्म नीति एवं ह्लगोट वैली योजनाह्व के क्रियान्वयन की स्थिति, औषधि विभाग द्वारा नशा रोकथाम अभियान, स्प्यूरियस दवाओं की रोकथाम हेतु की जा रही कार्यवाही तथा जागरूकता कार्यक्रमों के संबंध में आयुक्त को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ह्लनशामुक्त उत्तराखंडह्व अभियान के अंतर्गत बच्चों को नशे से दूर रखने, पुनर्वास की व्यवस्था तथा प्रवर्तन संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई।जिला पंचायत द्वारा स्वच्छता कार्यों, नगर निकायों द्वारा लिगेसी वेस्ट के पूर्ण निस्तारण, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, शौचालय एवं पिंक टॉयलेट की वर्तमान स्थिति के संबंध में भी उन्हें विस्तार से जानकारी दी गई। कौसानी क्षेत्र में आवश्यकता होने पर शौचालयों का पुनः सर्वे कराए जाने के निर्देश दिए गए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय में प्रारंभ किए गए टोकन सिस्टम एवं सेंट्रल बिलिंग सिस्टम की जानकारी दी गई। ह्लहैलो हेल्थ बागेश्वरह्व सेवा की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए इसे 24 घंटे सुचारू रूप से संचालित रखने हेतु निर्देश प्राप्त हुए। आयुक्त द्वारा जिला अस्पताल में दूरभाष के माध्यम से चिकित्सकों एवं स्टाफ की उपलब्धता की पुष्टि भी की गई। शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री योजना अंतर्गत संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया गया।

## आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा शंकराचार्य पर लगाए गए आरोपों पर संत समाज में रोष

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** शंकराचार्य महाराज पर लगाए गए कथित आपत्तिजनक आरोपों के बाद आशुतोष ब्रह्मचारी को लेकर संत समाज में तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष फलाहारी महाराज ने आशुतोष ब्रह्मचारी के आरोपों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि शंकराचार्य जैसे पूजनीय संत पर इस प्रकार का आरोप लगाना सनातन परंपरा और करोड़ों हिंदुओं की आस्था का अपमान है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य 125 करोड़ हिंदुओं के लिए पूजनीय हैं और उनके विरुद्ध लगाया गया कथित आरोप संत समाज को स्वीकार नहीं है। फलाहारी महाराज ने आशुतोष ब्रह्मचारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें सनातन विरोधी बताया और कहा कि उनके विचार हिंदू समाज की भावना के विपरीत हैं। फलाहारी महाराज के अनुसार, आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा लगाया गया आरोप संत समाज की मयार्दा के खिलाफ है, जिससे व्यापक आक्रोश उत्पन्न हुआ है। इस मामले को लेकर धार्मिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष फलाहारी महाराज ने एलान किया कि आशुतोष ब्रह्मचारी की नाक काटने वाले सनातनी को 21 लाख का इनाम दिया जाएगा। तथाकथित बहरूपिए आशुतोष ब्रह्मचारी का जूतों की माला पहनाकर स्वागत किया जाना चाहिए। फलाहारी महाराज ने ब्रह्मचारी को गौ हत्या जैसे जघन्य अपराध का दोषी करार दिया।

# बरसाना में चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच मनी लड्डू होली

**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**



**मथुरा/,बरसाना।** ब्रजधाम की पावन भूमि पर फाल्गुन की फुहार के संग भक्ति, उल्लास और रस की त्रिवेणी उमड़ पड़ी। बरसाना में नंदगांव से आए पांडे ने श्रीकृष्ण के आगमन का मंगल संदेश सुनाया—ह्लभर होरी के बीच सजन समधियानै आयौ ह्व यह समाचार सुनते ही भानु नंदिनी श्रीराधा जी की सखियाँ आनंद-विभोर हो उठीं। भानु भवन में जैसे ही पांडे का पदार्पण हुआ, सखियों ने उसे घेर लिया—कान्हा के आगमन, संग आने वाले सखाओं और होरी की तैयारियों की जिज्ञासा से प्रश्नों की झड़ी लग गई। सखियों की चंचल वाणी में ब्रज का रस छलका—कोई कहे धनसुखा आए तो नाच-गान होगा, तो कोई मनसुखा को टेसू रंग से भरी नांद में उतार देने की हंसी-ठिठोली करे। इस उल्लास में पांडे की खेंच-तान भी हुई, पर करुणामयी किशोरी जी ने सखियों को समझाकर पांडे को मुक्त कराया। तब पांडे ने भानु बाबा को जुहार कर निवेदन किया कि नवमी के दिन नंद जी का लाला अपने सखाओं संग होरी खेलने बरसाना पधारेंगे। यह सुन भानु बाबा का हृदय हर्ष से भर उठा और स्वागत-सत्कार के आदेश दिए गए। मंगल प्रसंग में लड्डुओं का प्रबंध हुआ। देखते-देखते भानु भवन में लड्डुओं की वर्षा-सी होने लगी। खाने वाले गिने-चुने, पर प्रसाद अपार—यह अद्भुत दृश्य ब्रज की उदार परंपरा का साक्ष्य बना। पांडे ने आनंद में नृत्य आरंभ किया और लड्डू लुटाने लगे। नर-नारी एक स्वर में गाने लगे—ह्लनंदगांव कौ पांडौ ब्रज बरसाने आयौह्वह्व—और समूचा बरसाना भक्ति-रस में सराबोर हो गया। लठामार रंगीली होली से एक दिन पूर्व लाडिली जी मंदिर का दृश्य अनुपम रहा। गुलाल-अबीर के बादल, केसर की सुगंध और ढप-मृदंग की ताल पर गोस्वामी समाज का समाज गायन वातावरण को अलौकिक बना गया। पांडे का स्वागत हुआ, लड्डू होली चली—ऊँच-नीच का भेद मिटा, सबने समान भाव से प्रसाद पाया। इसके उपरांत रंगीली होली की चौपाई निकली, जो महीभान मंदिर से रंगेश्वर महादेव तक भक्तिमय नृत्य-गान के साथ पहुँची।

### राधा का संदेश

लठामार रंगीली होली हेतु श्रीराधा रानी का आमंत्रण लेकर गोपाल सखी नंदगांव पहुँचीं। अबीर–गुलाल, भोग–प्रसाद, इत्र–फुलेल और पान–बीड़ा संग उनके आगमन पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और नंदगांव में गोस्वामी समाज ने भव्य स्वागत किया।

### आज लठामार रंगीली होली

आज दोपहर प्रिया कुंड पर नंदगांव के हुरियारे पहुँचेंगे। स्वागत में ठंडाई, पाग–बाँधन और संयुक्त समाज गायन होगा। इसके बाद रंगीली गली में हुरियारिनें लाठियाँ लिए स्वागत करेंगी और ढालों पर लाठी–प्रहार झेलते हुरियारे ब्रज की अनोखी परंपरा को जीवंत करेंगे। इस दिव्य दृश्य के साक्षी बनने लाखों श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है।

# गीत-संगीत, डांस और फैशन शो एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुति के बीच हुआ कृदय 2.0 का समापन

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय का छह दिवसीय कृदय 2.0 वार्षिकोत्सव के समापन कुलाधिपति किशन चौधरी के आर्शीवचनों के साथ हुआ। उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों के प्रतिभाशाली प्रस्तुती की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपने कैरियर के लक्ष्य को निर्धारित करने का सुझाव दिया और कहा आप अगर श्रद्धा और भावना से कार्य करेंगे तो सफलता मिलेंगी। सफलता के लिए हमें स्वयं नियम बनाने होंगे, जिनका पालन ही हमें सफल बना देता है। महापुरुषों के जीवन चरित्र को पढ़ेंगे तो आप में सुधार होगा।

विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने मंच से परफॉर्मेंस छात्रों के हुनर की प्रशंसा करते हुए कहा हम सभी के अंदर टेलेंट(हुनर) है, ओवर डब्लामेंट चाहिए, तो स्वयं को खेलों में शामिल करें तो आप मंजिल प्राप्त कर लेंगे। वार्षिकोत्सव का आयोजन करना विवि के लिए उपलब्धि का क्षण होता है, अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए यह खुशी का पल जीवन के यादगार अवसरों में एक होता है, केएम विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पूर्व छह दिवसीय कृदय2.0 के समापन सत्र का शुभारंभ विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, परीक्षा नियंत्रक(सीओई) समीक्षा भारद्वाज, डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य पीएन भिसे, पशु चिकित्सालय के डीन डा. अजय प्रकाश, चांसलर सलाहाकार डा.एसपी गोस्वामी, डा. दिनेश कुमार, ऋषभ चौहान, वैभव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया।

गीत-संगीत, डांस और फैशन शो एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुति से विवि के विद्यार्थियों ने सबका मन मोह लिया। इस बार के कृदय 2.0 में फैशन उत्सव भी देखने को मिला। जिसमें छात्र-छात्राओं ने फैशन के जलवे बिखेरे। ह्यजब हम जवां होंगे....के गीत ने सभी दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। फैशन के रैंम्प, हरियाणा के सांगों पर सोलो डांस ने सीटियों का शोर और मोबाइल से फोटो लेने की होड़ मचा दी। इसी प्रकार से एमबीबीएस की छात्रा ने मां पर कविता प्रस्तुत की तो सभी स्तंभ रह गए। बांसुरी वादन ने सभी का मन जीत लिया वहीं सुनहरी आवाज में तूने चोरी किया मेरा जीया ओ मेरे प्रिया.....पर तालियों के शोर से पूरा कैम्पस गूंज उठा। कृदय 2.0 के मंच पर स्टूडेंटसों ने अपने-अपने हुनर का खूब परिचय दिया। समापन अवसर पर फैशन शो आयोजित हुआ, इसमें छात्राएं जब रैंप पर चलीं तो पीछे खड़े सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों ने खूब तालियां बजाईं। आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ विभिन्न परिधानों का प्रदर्शन हुआ। विवि की गायत्री, धान्या ग्रुप, यशस्वी, कीर्तिका-अंकित, मुस्कान, कीर्तिका शर्मा ग्रुप, रोहित रैंप, नीतिका-तनीशा, श्रेया, नीलेश-रिया, सिद्धांत, अंकिता, नंदनी देवांशी, माही-अभय, तनिष्का-प्राची, फल्गुनी ग्रुप, सम्यक ग्रुप, फैशन शो सहित विवि के मेडीकल अन्य फैकल्टी की छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रस्तुती का मंचन किया। मंच का संचालन सौम्या, श्रुति वेदी, अश्लेषा, अविंशका ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विवि के सभी संकायों के डीन, प्रोफेसर, यूजी-पीजी डाक्टर्स सहित हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# खानकाह हजरत शैखुल आलम मे कुरान तरहवी हुई मुकम्मल तारिक रुदौलवी

वेलकम इंडिया फतेह खान



रुदौली /अयोध्याः- माह-ए-रमजान के दूसरा अशरा आज से शुरू हो रहा है। इस अशरे में कुरान तरावीह भी मुकम्मल होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। इस क्रम में खानकाह हजरत शैखुल आलम मे माहे रमजान उल मुबारक के मुकद्दस मौके पर आज कुरान तरहवी मुकम्मल हुई जिसे हाफिज आतिफ साबरी साहब ने सुना कर अपनी खूबसूरत व बुलंद आवाज से तरावी सुनने वाले नमाजी हजरात के दिलो को मुनव्वर कर दिया आप को बता दे कि हाफिज आतिफ साबरी की दस्तार बंदी भी माहे रमजान से चंद दिनों पहले हि हुई हैं खानकाह मे कुरान तरावीह सोमवार की रात हाफिज आतिफ साबरी साहब ने मुकम्मल किया व उनके द्वारा रमजान की फजीलत बयान की गई। साथ ही देश में अमन-चैन की दुआएं की गई। इस दौरान हाफिज आतिफ साबरी साहब ने कहा कि रमजान का महीना काफी खास है। इस महीने में नेकियां बरसती है। इस महीने में अधिक से अधिक इबादत, कुरान की तिलावत और तरावीह की नमाज अदा करनी चाहिए। साथ ही जिनके वालिदैन इस दुनिया से रुखसत हो चुके हैं उनकी मगफिरत की दुआ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुरान तरावीह मुकम्मल होने के बाद सूरह तरावीह की नमाज पढ़ना चाहिए। दुआ होने के बाद हजारों का हुजूम हाफिज आतिफ साबरी को मुबारकबाद देने पहुंचा इस दौरान सम्राट वाली मस्जिद से अपनी तरहवी पढ़ने के बाद रुदौली के समाजसेवी व युवाओं के लोकप्रिय कांग्रेस अध्यक्ष तारिक रुदौलवी भी हाफिज आतिफ साबरी को मुबारकबाद दी व शाल पहना कर हदिया पेश की इस दौरान तारिक रुदौलवी ने कहा कि हाफिज आतिफ साबरी ने हमारे क्षेत्र और नगर के जामिया चिशतिया का नाम अपने इल्म से रौशन किया हैं इसके लिए हम बहुत बहुत मुबारकबाद पेश करते हैं और क्षेत्र के अपने तमाम मुस्लिम भाईओ से अपील करते हैं कि अगर आप के 3 या 4 बच्चे हैं तो उनमे से एक को हाफिजे कुरान जरूर बनाइये ताकि दीन व अल्लाह की राह मे काम करें.

# मानद कुलपति डॉ. सौरभ पांडेय ने साहित्य साधिका डॉ. गीतांजलि अरोड़ा को डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर से किया अलंकृत



डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली, 24 फरवरी।** प्रख्यात साहित्यकार, लेखिका, मोटिवेशनल काउंसलर एवं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत' को अमेरिका की एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह गरिमामय सम्मान हरियाणा के कलानौर (रोहतक) में आयोजित एक विशेष समारोह में यूनिवर्सिटी के मानद कुलपति डॉ. सौरभ पांडेय द्वारा प्रदान किया गया।इस अवसर पर यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पाठ्यक्रम समिति के सदस्य एवं शिक्षाविद डॉ. एहसान अहमद, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार-विचारक एवं धरा गवर्नर डॉ. शंभु पंवार, तथा निराला साहित्य एवं कला मंच के अध्यक्ष डॉ. सत्यवीर सिंह निराला सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। डॉ. अरोड़ा को यह सम्मान उनके उत्कृष्ट साहित्यिक अवदान एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। विगत लगभग ढाई दशकों से वे साहित्य सृजन, लेखन और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। पर्यावरण संरक्षण, मानवाधिकार, बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा अनुसूचित वर्ग के उत्थान जैसे विषयों पर उनका कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहा है।डॉ.अरोड़ा को पूर्व में भी साहित्यिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों एवं उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है। यह मानद डॉक्टरेट उनकी सतत साहित्यिक साधना, वैचारिक प्रतिबद्धता और समाज के प्रति समर्पण का महत्वपूर्ण प्रमाण माना जा रहा है।दिल्ली, एनसीआर, यूपी, एमपी, हरियाणा एवं राजस्थान की साहित्यिक संस्थाओं और प्रतिष्ठित साहित्यकारों ने डॉ. गीतांजलि अरोड़ा को इस विशिष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं प्रेरणादायी भविष्य की कामना की है।

## सामूहिक नकल के आरोप में जनपद में बड़ी कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चन्द्र नाथ ने सामूहिक नकल के आरोप में एएच इंटर कालेज पैड़ी पर बड़ी कार्रवाई की है।इस केन्द्र पर तैनात प्रधानाचार्य रिजवान अहमद केन्द्र व्यवस्थापक और नेशनल इंटर कॉलेज मूड़ाडिहा बेग के सहायक अध्यापक रईस अहमद अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक से तत्काल प्रभाव से हटाकर राजकीय हाईस्कूल सालेहपुर के प्रधानाचार्य रणजीत कुमार चौरसिया को केन्द्र व्यवस्थापक, राष्ट्रीय इंटर कालेज बौरब्यास के प्रधानाचार्य अवधराज कन्नौजिया को बाहय केन्द्र व्यवस्थापक और एएच इंटर कालेज पैड़ी के प्रवक्ता इसरार अहमद सह केन्द्र व्यवस्थापक तैनात किये हैं।
इस बड़ी कार्रवाई से जनपद में हड़कंप मच गया है।

# ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर 50 हजार जुमार्ना लगाया

वेलकम इंडिया




**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज एक ठेकेदार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई कर दी। नगरायुक्त द्वारा 62 फुटा रोड पर नाला निर्माण की गुणवत्ता में अनियमितता पाये जाने पर ठेकेदार फर्म को छह महीने के लिए निगम के कार्यो से ब्लैक लिस्ट कर उस पर 50 हजार रुपये अर्थदण्ड लगाया है। नगरायुक्त ने सम्बंधित जेई के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद ने बताया कि वार्ड नंबर 61 में 62 फुटा रोड स्थित वेंडिंग जोन पर नाला निर्माण कार्य कराया गया था। नगरायुक्त ने उन्हें गुणवत्ता की जांच करने के लिए निरीक्षण के आदेश दिए थे। जिस पर गत 20 जनवरी 2026 को उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर नाला निर्माण में कमियां पायी गयी। इस पर सम्बंधित अवर अभियंता एवं ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस देकर उनका स्पष्टीकरण मांगा गया था।

मुख्य अभियंता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नाले पर रखे जाने के लिए आरसीसी स्लैब हेतु ईंट की शटरिंग लगाकर स्लैब काष्ट किये गए, जिससे स्लैब के किनारे व कोने टूट गए थे। इसके अलावा स्लैब की मोटाई 10 सेमी प्राविधानित है जबकि कुछ स्लैब की मोटाई कम पायी गयी। प्रथम दृष्टया निर्माण में सीमेंट कम डाली गयी थी। यह भी पाया गया कि नाला एक आलाइनमेंट में नहीं बनाया गया है, दीवार की मोटाई एक सी नहीं हैं। कहीं कम व कहीं अधिक पायी गयी। वेंडिंग जोन के पीछे एक जगह नाले की दीवार 15 सेमी पायी गयी जबकि आगणन में 20 सेमी. का प्रावधान है। मुख्य अभियंता सुरेश चंद की रिपोर्ट और संस्तुति तथा सम्बंधित ठेकेदार के स्पष्टीकरण का अवलोकन करने के बाद नगरायुक्त ने अपने आदेश में कहा कि शासकीय निर्माण में गुणवत्ता अधोमानक करना न केवल अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन है बल्कि साथ ही साथ नाला निर्माण की गुणवत्ता अधोमानक होने के कारण सतत रुप से जानमाल को गंभीर खतरा उत्पन्न करता है।

नगरायुक्त द्वारा अपने आदेश में सम्बंधित ठेकेदार मै. ए.एन कन्स. पर जुमार्ना लगाने के साथ ही ठेकेदार को छह माह के लिए निगम के समस्त प्रकार के कार्यो से ब्लैक लिस्ट किया गया है और 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। सम्बंधित अवर अभियंता के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये गये है।

# आंतरिक मूल्यांकन में धन उगाही करने से मना करने पर प्रधानाचार्य को जान से मारने की धमकी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** आंतरिक मूल्यांकन के नाम पर धन उगाही करने से मना करने पर राष्ट्रीय इंटर कालेज बौर ब्यास के प्रबंधक ने प्रधानाचार्य के कार्यालय में घुसकर गाली गलौज किया। मनमानी करने से टोका टाकी करने पर जान से मारने की धमकी दी है। प्रबंधक प्रधानाचार्य को पद से इस्तीफा देने का दबाव बना रहे हैं। मामले शिकायत थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा से करके प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है। पीड़ित प्रधानाचार्य अवध राज ने उच्चाधिकारीयों को भेजे शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि विद्यालय हाईस्कूल स्तर तक अनुदान प्राप्त व इंटरमीडिएट स्तर तक वित्त विहीन मान्यता प्राप्त हैं। विद्यालय के प्रबंधक रवि शंकर पांडेय, उनके पिता अरुण कुमार पांडेय द्वारा विद्यालय संचालन में कठिनाई उत्पन्न की जा रही हैं। उक्त दोनों लोगों के द्वारा विद्यालय के वित्तविहीन प्रवक्ता गोरखनाथ राय के माध्यम से हाईस्कूल व इंटर मीडिएट में पंजीकृत छात्र छात्राओं से आंतरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट व खेल) का अंक देने के नाम पर मेरे बार -बार मना करने के बावजूद प्रति छात्र ?600 (छः सौ रुपया) बतौर सुविधा शुल्क के नाम पर वसूल किया गया है। पत्र में लिखा गया है कि दिनांक 14 फरवरी 2026 को विद्यालय के प्रबंधक रवि शंकर पांडेय, उनके पिता अरुण कुमार पांडेय व वित्तविहीन प्रवक्ता गोरखनाथ राय गोलबंद होकर विद्यालय परिसर में स्थित मेरे कार्यालय आये और माँ, बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए जान से मारने के लिए दौड़े और कहे कि विद्यालय हमारा है।

# एसडीएम के आदेश पर तालाब की पैमाइश ,दी चेतावनी

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** विकासखंड क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में सरकारी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर उप जिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर तालाब की भूमि की पैमाइश की। कार्रवाई के दौरान गांव में हलचल मची रही और कब्जाधारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।गांव निवासी एवं राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के जिला संयोजक बदरू जमा गौरी पठान ने एसडीएम को शिकायत की थी कि ग्राम समाज के अभिलेखों में दर्ज लगभग 52 बीघा तालाब की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर पक्के और कच्चे निर्माण कर लिए हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि तालाब की भूमि पर अतिक्रमण के कारण जलभराव की समस्या बढ़ रही है और वर्षा जल संरक्षण प्रभावित हो रहा है।शिकायत पर एसडीएम ने राजस्व विभाग को मौके पर जाकर जांच व सीमांकन,पैमाइश करने के निर्देश दिए। इसके बाद तहसीलदार अर्जुन चौहान, कानूनगो धर्मवीर सिंह, हल्का लेखपाल आदित्य तथा राजस्व टीम पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। टीम ने राजस्व अभिलेखों, खतौनी और नक्शे के आधार पर तालाब की भूमि का सीमांकन किया और मौके पर चिन्हांकन कराया।जैसे ही राजस्व,विभाग की टीम गांव में पहुंची, मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। जिन लोगों पर कब्जे का आरोप है, वह भी मौके पर मौजूद रहे।

# हिंद इंटरप्राइजेज के कार्यालय पचदेवरी में तरावीह में कुरआन हुआ मुकम्मल

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** सेमरियावा क्षेत्र के पचदेवरी स्थित हिंद इंटरप्राइजेज के कार्यालय पर माह-ए-रमजान के पवित्र अवसर पर आयोजित तरावीह में आज कुरआन मुकम्मल हुआ। रमजान माह के पहले अश्रे दौरान यहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर तरावीह की नमाज अदा की। समापन अवसर पर इज्तेमाई दुआ का आयोजन किया गया,जिसमें देश में अमन,चैन,शांति और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए खास तौर पर दुआएं मांगी गईं। तरावीह में हाफिज मोहम्मद जैद ने पूरे कुरआन-ए-पाक की तिलावत कर मुकम्मल किया। उनकी मधुर और प्रभावशाली तिलावत से माहौल पूरी तरह रूहानी हो उठा। नमाज के बाद उपस्थित लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी और दुआओं से नवाजा। इस अवसर पर उलेमा बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शोऐब. अहमद नदवी ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और आपसी मोहब्बत का पैगाम देता है। हमें चाहिए कि हम इस पवित्र महीने की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें और समाज में सौहार्द को मजबूत करें। मौलाना सईद अहमद कासमी ने कहा कि तरावीह में कुरआन मुकम्मल होना बड़ी नेमत है और यह आत्मचिंतन का अवसर भी है।

# रंगोत्सव 2026 की भव्य शुरूआत, मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर किया शुभारंभ

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया




**मथुरा।** बरसाना स्थित श्री राधा बिहारी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में रंगोत्सव 2026 के संबंध में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम श्री राधा कृष्ण जी के स्वरूप में नृत्य प्रस्तुति का कार्यक्रम हुआ

गन्ना मंत्री ने कार्यक्रम में सभी लोगों को संबोधित करते हुए रंगोत्सव 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि बृजवासी श्री राधा-रानी जी और श्री कृष्ण जी को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। जो प्रेम की भाषा और संतों का सम्मान बृज की भूमि में मिलता है, वह और कहीं नहीं है। पहले बरसाना की लट्ठमार होली उत्तर भारत में ही एक प्रसिद्ध पर्व के रूप में मनाई जाती रही है, लेकिन आज बरसाना की होली विश्व प्रसिद्ध हो चुकी है। दुनिया भर से श्रद्धालु यहां की होली खेलने के लिए आतुर रहते हैं। यह प्रदेश की वर्तमान श्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार की वजह से संभव हुआ है। कोई भी संत कितना भी ज्ञान अर्जन कर ले लेकिन ब्रजभूमि के दर्शन किए बिना उनकी तपस्या पूर्ण नहीं मानी जाती। ऐसे पवित्र स्थल की पवित्रता और तीर्थ स्थल को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि न सिर्फ मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना में पर्यटन व तीर्थों का विकास हुआ है बल्कि पूरे प्रदेश में भी पर्यटन व धार्मिक स्थलों का विकास हुआ है। इससे साफ है कि वर्तमान प्रदेश सरकार की कार्यशैली से उत्तर प्रदेश की छवि बदल चुकी है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया कि रंगोत्सव के दौरान बरसाना में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति विनम्र व्यवहार बनाए रखें। श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों की सुविधा व सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। रंगोत्सव 2026 शुभारंभ के अवसर पर मंच पर बृज संस्कृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र, मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार , मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन जी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल आदि ने कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित किया।

# जिले में चल रहे 50 लाख से अधिक एवं 50 लाख से कम लागत के निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में हो रहे 50 लाख से अधिक व 50 लाख से कम लागत के निर्माण कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में हो रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया की 50 लाख से अधिक की परियोजना है, जिसमें राजकीय महिला महाविद्यालय धौलाना, गौ संरक्षण केंद्र धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर मे वृजघाट का निर्माण, आई टी आई की समीक्षा के दौरान आईटीआई को समय से पूरा कर संबंधित को जल्द से जल्द हस्तांतरित करने के निर्देश दिया। मुख्य जिला अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की जनपद में जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यदाई संस्था से समन्वय बनाकर उसको समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किसी भी अधिकारी को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो हमें अवगत कराया जाए। इसके उपरांत उन्होंने 50 लाख से कम धनराशि वाली परियोजनाओं मे बाल विकास परियोजना कार्यालय गढ़मुक्तेस्वर, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कालेज तथा अन्य योजनाओं की समीक्षा की। जिला अधिकारी ने जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारीगण मानक एवं गुणवत्ता सहित लक्ष्य को समय से पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाकर अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि कार्य गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए इसके अलावा संबंधित कार्यदाई संस्था तथा संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराए। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित की जा रही है उसमें पात्र व्यक्ति को लाभ जरूर दिया जाए, कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक के अंत में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा मे विभाग की प्रगति खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होने प्रोजेक्ट वाइज समीक्षा के दौरान जिन विभागो की रैंक सी0 डी0 ई0 की श्रेणी में है उनको निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर फिडिंग का कार्य सही प्रकार से किया जाए जिससे जनपद की रैंक प्रभावित न हो।

# खाते से 32 लाख रुपये निकलने के मामले में चिकित्सक का विरोध में दूसरे दिन भी धरना जारी रहा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** बैंक खाते से 32 लाख रुपये निकलने के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज चिकित्सक डॉ. एसके शर्मा का विरोध में दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। डॉक्टर एस के शर्मा के बैंक खाते से निकल गई 32 लाख रुपये निकलने के मामले में विरोध में बैंक उज्जीवन फाइनेंस बैंक के सामने धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। डॉक्टर एस के शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी के दिन से ही प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज अपनी रिपोर्ट दर्ज करने के लिए खाने के चक्कर लगाता था, लेकिन आज जानकारी मिली है दर्ज कर ली है। आज साइबर क्राइम की टीम एवं सिविल पुलिस भी बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछताछ की गई, लेकिन अभी प्रथम दृष्टि किसी निश्चित होने पर



नहीं पहुंचे हैं ।बैंक कर्मचारियों में आज भी सहयोग का वादा दिया गया और 3 दिन का समय मांगा गया। अपनी मांगों के लिए धरना निरंतर जारी रहेगा और जब तक हुई सभी राशि वापस नहीं मिल जाती धरना निश्चित कालीन जारी रहेगा। धरने पर मुख्य रूप से करने पर मुख्य रूप से श्रीमती बबीता शर्मा चमन जहां रेखा सुमन, सुषमा, आरती ,भावना शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री रमेश प्रजापति पूर्व अध्यक्ष रामाश्रय शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, रतन सिंह यादव , रामकिशन शर्मा, बबली गुर्जर नंदकिशोर शर्मा गजेंद्र शर्मा सुनील शर्मा चांदवीर चौधरी, बि.के शर्मा, महेश चंद शर्मा लोकेश कुमार गुप्ता, जानी चौधरी डॉ जाहिद अली, अब्बासी, आसिफ अली सचिन, सचिन दिनेश शर्मा विनोद जिला पंचायत सदस्य विकास यादव राहुल राणा राजीव त्यागी पुष्पेंद्र आर्य बाबूराम शर्मा डॉ जमील खान जगदीश शर्मा, सुमन सभासद, सुबे सिंह सभासद, ताराचंद, प्यार चंद, संजय बब्बर, कार्तिक, बिट्टू शर्मा पप्पू शर्मा, अमन शर्मा, अमित चौधरी, बिरजू गर्ग , मोनू पंडित तरुण शर्मा सभी सभासद एवं महिला शक्ति एवंम, युवा शक्ति किसान संगठन छात्र संगठन एडवोकेट संगठनो ने अपना समर्थन दिया एवं आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# गढ़ी रामकौर की बेटी मुस्कान चौहान ने बढ़ाया जनपद का मान

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** विकासखंड क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर की होनहार बेटी मुस्कान चौहान ने देश की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषदझराष्ट्रीय पात्रता परीक्षा सीएसआईआर-नेट रसायन विज्ञान विषय में अखिल भारतीय 33वीं रैंक प्राप्त कर परिवार, गांव और जनपद का नाम रोशन किया है। गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है ।गाव गढी रामकौर निवासी अनिल कुमार की पुत्री मुस्कान रोहतक में अपने चाचा देवेन्द्र चौहान एवं चाची के साथ रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थीं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से ध्यान नहीं हटने दिया और पूरी लगन के साथ अध्ययन करती रहीं। उनकी अथक



मेहनत का परिणाम आज पूरे क्षेत्र के सामने है ।मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिजनों और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। उनका लक्ष्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर शोध कार्य के क्षेत्र में आगे बढ़ना है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है। क्षेत्रवासियों को आशा है कि मुस्कान भविष्य में और भी ऊंचाइयां हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी। छात्र की सफलता को लेकर गांव में खुशी का माहौल है।

# किडजी मोदीनगर को मिला ग्लोबल एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार का मानक स्थापित करते हुए किडजी मोदीनगर ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। संस्था को प्रतिष्ठित ग्लोबल एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है, जो मोदीनगर के सर्वश्रेष्ठ प्रीस्कूल और किंडरगार्टन के रूप में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उस गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण, आधुनिक शिक्षण पद्धति और बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति किडजी मोदीनगर की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस भव्य समारोह में किडजी मोदीनगर के मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल बंसल ने यह प्रतिष्ठित सम्मान ग्रहण किया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद श्री बंसल ने कहा कि यह उपलब्धि किडजी मोदीनगर की समर्पित टीम, प्रशिक्षित शिक्षकों, सहयोगी अभिभावकों और विद्यालय को विश्वास देने वाले सैकड़ों परिवारों का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने बताया कि किडजी मोदीनगर की स्थापना से लेकर अब तक संस्था का लक्ष्य बच्चों को ह्नसीखते हुए बढ़नेह्न का ऐसा वातावरण प्रदान





करना रहा है, जहाँ शिक्षा के साथ उनके आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और मानवीय मूल्यों का विकास हो सके। किडजी मोदीनगर ने टेक-इनेबल्ड लर्निंग, गतिविधि-आधारित शिक्षण, व्यक्तिगत ध्यान और सुरक्षित परिसर के माध्यम से पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा के नए मानदंड स्थापित किए हैं। संस्था लगातार यह सुनिश्चित करती है कि हर बच्चे को वही वातावरण मिले, जहाँ वह अपनी क्षमताओं को पहचान सके और भविष्य के लिए तैयार हो सके। यह पुरस्कार किडजी मोदीनगर के लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी है। संस्था भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार और उच्च गुणवत्ता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कई कॉलोनियां अंधेरे में, जावेद हसन ने विद्युत कनेक्शन की मांग,सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** देहात क्षेत्र की कई बस्तियों में विद्युत कनेक्शन न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में देहात क्षेत्र से प्रधान प्रत्याशी एवं समाजसेवी जावेद हसन ने अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। अधिशासी अभियंता ने मामले का जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है ।देहात क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग, बिजलीघर रोड, इदरीश बैंग बिहार,जन्नत कॉलोनी, एकता नगर, शांति नगर सहित आसपास की कई बस्तियों में आज तक विद्युत कनेक्शन उपलब्ध नहीं हो सके हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे



लगातार विद्युत विभाग को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए कनेक्शन की मांग कर रहे हैं, लेकिन दूरी अधिक होने का हवाला देकर उनके आवेदन निरस्त कर दिए जाते हैं ।बिजली ना होने के कारण लोगों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और दैनिक कार्यों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में इसको लेकर रोष व्याप्त है ।प्रधान प्रत्याशी जावेद हसन ने अधिशासी अभियंता से मिलकर एसडीओ व अवर अभियंता को निर्देशित करते हुए संबंधित क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा जहां विद्युत लाइन नहीं है वहां नई लाइन बिछाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जाएगा ।अधिशासी अभियंता ने समस्या का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

# शिकारपुर में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर सीएनजी गैस सेवा हुई शुरू




वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** शिकारपुर वाहन स्वामियों के लिए एक खुशखबरी है। मेरठ बदायूं हाईवे स्थित शिकारपुर में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर सीएनजी गैस सेवा शुरू हो गई है।

आपको बता दें कि शिकारपुर में सीएनजी गैस सेवा की काफी समय से मांग की जा रही थी ।इसी को देखते हुए इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के संचालक ने सीएनजी गैस सेवा शुरू की है। अब वाहन स्वामियों को दूसरी जगह जाना नहीं पड़ेगा। जिससे समय और गैस की बचत होगी। वाहन चालक मुकेश सूर्यवंशी ने बताया कि मुझे गाड़ी में गैस भरवाने के लिए बगराई, चिट्ठा, या फिर बुलंदशहर से लेनी पड़ती थी। शिकारपुर में सीएनजी की सुविधा से वाहन स्वामियों को लाभ होगा।

# पंचायत चुनाव में विलंब की स्थिति में निर्वाचित ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किए जाए: ब्रजवीर दहिया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** ऑल इंडिया पंचायत राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि यदि पंचायत चुनाव में विलंब की स्थिति में निर्वाचित ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर दहिया ने राज्य निर्वाचन आयुक्त एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि पंचायत चुनाव में विलंब की स्थिति में ग्राम पंचायतों में वर्तमान निर्वाचित प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किए किया जाए। पत्र में कहा है कि ऑल इंडिया पंचायत राज संगठन की ओर से आपका ध्यान इस महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि यदि किसी कारणवश उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर नहीं हो पाते हैं और ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के अनुरूप वर्तमान में निर्वाचित ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए। यदि ग्राम पंचायतों में किसी बाहरी



अधिकारी को प्रशासक बनाया जाता है तो इससे पंचायत स्तर पर अविश्वास, असंतोष एवं भ्रष्टाचार की संभावनाएँ बढ़ेंगी तथा ग्राम पंचायतों की विकास योजनाएँ प्रभावित होंगी और ग्रामीण जनता का लोकतंत्र पर विश्वास कमजोर होगा। ग्राम प्रधान जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं, अतः प्रशासनिक निरंतरता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उन्हीं को दायित्व सौंपना न्यायसंगत एवं लोकतांत्रिक कदम होगा। यदि इस मांग की अनदेखी की जाती है और ग्राम पंचायतों में अधिकारियों को प्रशासक नियुक्त किया जाता है तो पूरे प्रदेश के ग्राम प्रधान ऑल इंडिया पंचायत राज संगठन के बैनर तले लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# साहित्य मंच की मासिक कवि गोष्ठी संपन्न

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** साहित्य मंच मोदीनगर की मासिक कवि गोष्ठी संपन्न हुई। जिसमें कवियों ने रचनाएं सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कवि देवीशरण पश्यक के आवास पर को काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता कवि हरिदत्त गौतम अमर तथा संचालन प्रदीप भारद्वाज ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ कवि देवीशरण पश्यक की सरस्वती वंदना से हुआ। कवि लोकेश कुमार ने रचना पाठ करते कहा-ये रोज मेरे लिए दुआ करते हैं। बतायें क्या कोई काम लोग बेवजह करते है ।कवि देवीशरण पश्यक ने अपनी उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करते हूए कहा कि-घिर घिर आये मेघ,मन तरसाये मेघ,सावन की झोली में सूखी फुहार है। ।कवि डी के भारती ने सस्वर रचना पाठ करते हुए कहा- परछाई तेरी बनकर, तेरे साथ चलूँ सजनी।



प्रदीप भारद्वाज कवि ने गोष्ठी में ओजस्वी रचना घोष करते हुए हिन्दुत्व की समरसता संस्कृति के महिमा को रेखांकित करते हुए दोहे में कहा- पतित जहाँ पर ऋषि बने चर-वाहा सम्राट। मानव बनते देवता, यह हिन्दुत्व विराट। टुकड़खोर वामपंथी इतिहास विदों के द्वारा भारत के गरिमापूर्ण इतिहास के झूठ और छल पूर्ण विकृतीकरण पर आक्रोश व्यक्त करते हुए पढ़ा- अस्त्र शस्त्र विष तो करे, कुछ संहार विनाश ।विकृत हुआ इतिहास तो करे पीढ़ियों नाश। कवि डॉ. हरिदत्त गौतम 'अमर' जी की रचना को मुक्त क ?ठ से सराहना मिली- आज पल पल मिलन के मुहूर्त हूए। ऐसी मुरलीधर बजाई है मधुमास कवि जय भगवान गोयल, श्रीमती अनिला आर्य की रचनाओं ने गोष्ठी में विशिष्ट छाप छोडते हुए तालियॉ बटोरीं। इसके साथ ही गोष्ठी का समापन हुआ, आयोजक कवि देवीशरण ₹पश्यक₹ ने सभी आगन्तुक रचनाकारों का हार्दिक आभार ज्ञापित किया।

# ब्राह्मण महासभा का होली मिलन कार्यक्रम 1 मार्च को

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा के आवास पर संपन्न की गई। जिसमें आगामी होली मिलन कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से या निर्णय लिया गया की होली मिलन कार्यक्रम 1 मार्च 2026 को गणपति फार्म हाउस अवंतिका गाजियाबाद में सुबह 9:00 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसकी सूचना व्हाट्सएप के माध्यम से आप सभी को दे दी जाएगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री लोकेश कौशिक एवं राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज भी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा को कार्यक्रम का मुख्य




संयोजक और महामंत्री लोकेश कौशिक एवं महानगर अध्यक्ष पंडित नीरज कौशिक को कार्यक्रम का सहसंयोजक बनाया गया।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का चला पीला पंजा दुहाई एवं सैतली क्षेत्र में लगभग 20 बीघा अवैध कॉलोनी को किया जमींदोज

वेलकम इंडिया ,कपिल चौहान

**गाजियाबाद।** अवैध कॉलोनाइजरों के मंसूबों पर सोमवार को करारा वार करते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने ग्राम दुहाई एवं सैतली क्षेत्र में लगभग 20 बीघा जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज कर दिया। बिना स्वीकृत मानचित्र और वैध अनुमति के प्लॉटिंग कर भूखंड बेचे जाने की तैयारी चल रही थी, जिस पर प्रवर्तन जोन-02 की टीम ने सख्त कार्रवाई की। बताया गया है कि संबंधित कॉलोनाइजरों को पूर्व में नोटिस जारी कर निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आदेशों की अनदेखी कर धड़ल्ले से विकास कार्य जारी रखा गया। इसके बाद उपाध्यक्ष के निर्देशों पर आज भारी पुलिस बल और प्रवर्तन टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई अमल में लाई गई। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से कॉलोनी में बनाए गए साइट ऑफिस, अस्थायी निर्माण, प्लॉटों की बाउंड्री व अन्य अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया गया। टीम ने मौके पर की जा रही सड़क कटिंग और प्लॉटिंग के निशानों को भी खत्म कर दिया, ताकि दोबारा अवैध विकास न हो सके। मौके पर सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-02 का समस्त स्टाफ एवं पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक लेकिन सख्त संदेश के साथ संपन्न कराई गई। जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति के कोई भी कॉलोनी विकसित नहीं होने दी जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी भूखंड या संपत्ति को खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की जांच प्राधिकरण कार्यालय या आधिकारिक पोर्टल से अवश्य कर लें, अन्यथा भविष्य में नुकसान का जोखिम स्वयं खरीदार को उठाना पड़ सकता है। प्रवर्तन जोन-02 की यह कार्रवाई साफ संकेत है कि अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ जीडीए अब नरमी के मूड में नहीं है। अधिकारियों ने दोहराया कि अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।







# 10 मार्च को सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव 2026

## मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की पहल से शासन-उद्योग समन्वय को नई गति

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद को सतत और संतुलित विकास की दिशा में अग्रसर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन 10 मार्च 2026 को 'गाजियाबाद सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव 2026ज का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक रेडिसन ब्यू होटल में आयोजित किया जाएगा। कॉन्क्लेव की जानकारी मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने मंगलवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि यह कॉन्क्लेव नई दिल्ली स्थित प्रबंधन परामर्श संस्था सार्थक कलेक्टिव के साथ रणनीतिक साझेदारी में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनपद में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निवेश, सतत विकास पहलों और उद्योग सहभागिता को प्रशासन की प्राथमिक विकास आवश्यकताओं के साथ एक संरचित ढांचे में जोड ?ा है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की कार्यशैली इस पहल में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। वे विकास योजनाओं को केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित न रखते हुए उद्योग, नागरिक समाज और प्रशासन के संयुक्त सहयोग से परिणामोन्मुख मॉडल विकसित करने पर जोर देते हैं। उनके नेतृत्व में यह प्रयास सीएसआर व्यय को बिखरी गतिविधियों के बजाय दीर्घकालिक जिला विकास रणनीति में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कॉन्क्लेव का उद्देश्य विभिन्न कॉर्पोरेट संस्थानों, उद्योग संगठनों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, नागरिक समाज संस्थाओं और प्रशासनिक तंत्र के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना है। इस संवाद के माध्यम से गाजियाबाद के लिए प्राथमिकताओं पर आधारित, मापनीय और प्रभावी जिला सामाजिक कार्य योजना तैयार की जाएगी।

यह पहल सीएसआर गतिविधियों में व्याप्त विखंडन को समाप्त कर उन्हें साझा दृष्टि, आंकड़ा-आधारित नीति और जवाबदेह क्रियान्वयन प्रणाली से जोड ? का प्रयास है। कॉन्क्लेव में जनपद के सामाजिक-आर्थिक एवं पर्यावरणीय परिदृश्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इनमें औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा एवं व्यावसायिक कौशल विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और दूरस्थ स्वास्थ्य सेवाओं का एकीकरण, भूजल पुनर्भरण और जल संसाधन प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ शहरी व्यवस्था, पशु कल्याण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन, तथा जिला स्तर पर कार्बन उत्सर्जन में कमी और पर्यावरणीय, सामाजिक एवं प्रशासनिक मानकों पर आधारित विकास शामिल हैं। इस अवसर पर एक संरचित जिला डीकाबोर्नाइजेशन ढांचा भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिसका उद्देश्य गाजियाबाद को जलवायु-अनुकूल विकास के लिए तैयार करते हुए एक आदर्श औद्योगिक जनपद के रूप में स्थापित करना है। यह ढांचा उद्योगों को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व अपनाने और भविष्य की विनियामक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार रहने में सहायक होगा।


# पटेल नगर द्वितीय में सड़क व इंटरलॉकिंग निर्माण का शुभारंभ, 13.97 लाख रुपये की लागत से होगा निर्माण कार्य



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने सोमवार को वार्ड संख्या पटेल नगर द्वितीय में शिव मंदिर से मकान संख्या बी-412 तक सड़क एवं दोनों ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस विकास कार्य की शुरूआत क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए की गई है। निर्माण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 13 लाख 97 हजार रुपये बताई गई है। कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, जलभराव की समस्या में कमी आएगी तथा मोहल्ले की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े विकास कार्य निरंतर कराए जाएंगे और क्षेत्र को बेहतर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने का प्रयास जारी रहेगा। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्यों की गति लगातार जारी रहेगी और नागरिक सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महंत विजय गिरी, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, पार्षद शीतल चौधरी, क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, हिमांशु पाराशर, अरुण चौधरी, सुमन जाटव, मोहित ठाकुर, किरण रहेजा, सुनीत शर्मा, शशिकांत, अनिल जिंदल, विनीत त्यागी, सुधीर शर्मा, अनिल कश्यप, गजराज सिंह, ओ.पी. अग्रवाल, राकेश मित्तल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में अवैध निर्माण का खेल बेखौफ!




अरुण मिश्रा, वेलकम इडिया

**गाजियाबाद।** शहर में अवैध निर्माण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा मामला गली नंबर-1, कैलाशपुर कृष्णा गार्डन (ठऊफत्रऋ गोविंदपुरम) का है, जहां एक कथित ह्लविला/ब्लॉकह्व का निर्माण बिना मानचित्र पास कराए धड़ल्ले से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो कोई नक्शा स्वीकृत है और न ही निर्माण मानकों का पालन हो रहा है, इसके बावजूद काम लगातार जारी है।

मौके पर देखा गया कि पहले मंज़िल का निर्माण पूरा किया जा चुका है, दूसरी मंज़िल पर काम तेजी से चल रहा है और आगे और मंज़िलें खड़ी करने की तैयारी है। इतना ही नहीं, भवन से बाहर की ओर अवैध रूप से छज्जा भी निकाला गया है, जिससे सड़क की चौड़ाई प्रभावित हो रही है। आसपास के निवासियों का कहना है कि निर्माण में हल्की गुणवत्ता (लो क्वालिटी) का मटेरियल इस्तेमाल किया जा रहा है, जो भविष्य में हादसे की वजह बन सकता है। सबसे बड़ा सवाल पार्किंग को लेकर खड़ा हो रहा है। घनी आबादी वाली इस गली में पहले ही रास्ता संकरा है, ऊपर से बिना पार्किंग व्यवस्था के बहुमंज़िला निर्माण लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। आखिर बिना पार्किंग और बिना मानचित्र स्वीकृति के ऐसे भवन कैसे खड़े हो जाते हैं? किसके संरक्षण में यह निर्माण कार्य जारी है? स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। क्षेत्र में ऐसे कई अवैध निर्माण पहले भी हो चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस और कागजी औपचारिकताएं ही होती हैं। जमीनी स्तर पर न तो सीलिंग होती है और न ही ध्वस्तीकरण। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या उच्च अधिकारी इस अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई करेंगे, या फिर एक बार फिर बिल्डरों को संरक्षण देकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा? अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में यह निर्माण न सिर्फ नियमों का मजाक बनेगा बल्कि किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल जांच कर निर्माण को रोका जाए, मानचित्र और स्वीकृतियों की सार्वजनिक जांच की जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन जागता है या फिर अवैध निर्माण का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

## किरायानामा फजीवड़े का सनसनीखेज आरोप

गाजियाबाद। विजयनगर क्षेत्र के प्रताप विहार में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति ने अपने ही किरायेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दंपति का कहना है कि किरायेदार ने फर्जी किरायानामा तैयार कर अदालत में दाखिल किया और परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रताप विहार सेक्टर–12 निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग के अनुसार उन्होंने लगभग पांच वर्ष पूर्व अपना मकान शमशेर राणा नामक व्यक्ति को किराये पर दिया था। प्रारंभ में सब सामान्य रहा, लेकिन बाद में किरायेदार का व्यवहार संदिग्ध और आपत्तिजनक हो गया। बुजुर्ग का आरोप है कि आरोपी उनकी पुत्रवधू को देर रात फोन कॉल करने लगा और व्हॉट्सऐप पर आपत्तिजनक संदेश भेजता था। जब परिवार ने इसका विरोध किया और मकान खाली करने को कहा, तो आरोपी ने अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि इस दौरान उसने बुजुर्ग की पत्नी को धक्का देकर अपमानित भी किया। पीड़ित दंपति को हाल ही में न्यायालय से एक नोटिस प्राप्त हुआ, जिसमें शमशेर राणा द्वारा दायर वाद का उल्लेख था। बुजुर्ग का कहना है कि वाद के साथ प्रस्तुत किरायानामा और नोटरी दस्तावेजों पर उनके और उनकी पत्नी के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। इतना ही नहीं, कथित गवाहों के हस्ताक्षर भी जाली बताए जा रहे हैं। पड़ोसियों के अनुसार आरोपी अचानक मकान खाली कर चुपचाप अपना सामान ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित बुजुर्ग ने 21 फरवरी को विजयनगर थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और दस्तावेजों की सत्यता की जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार जांच में दोष सिद्ध होने पर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित






वेलकम इंडिया ,कपिल चौहान

**गाजियाबाद।** महानगर में संत शिरोमणि संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर एक श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन भाजपा महानगर कार्यालय नेहरू नगर पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मयंक गोयल ने कहा कि संत गाडगे महाराज का जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। वे मानते थे कि सच्ची पूजा मानव सेवा में है, न कि केवल आडंबरों में। उन्होंने समाज से अंधविश्वास, जातिवाद, गंदगी और कुरीतियों को दूर करने का सतत अभियान चलाया। मयंक गोयल ने कहा कि संत गाडगे महाराज का सबसे बड़ा संदेश स्वच्छता, शिक्षा और सदाचार है। वे जहाँ भी जाते थे, स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई करते थे और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते थे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि स्वच्छता केवल बाहरी नहीं, बल्कि विचारों और व्यवहार की भी होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि संत गाडगे महाराज शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम मानते थे। गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक स्वच्छ, शिक्षित और समरस समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनों ने संत गाडगे महाराज के आदर्शों पर चलने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री वेद प्रकाश जाटव (महानगर संयोजक, अनुसूचित मोर्चा), सुमन जाटव, जोगिंदर जाटव, सुरेंद्र गहलोत (महामंत्री एससी मोर्चा), पार्षद पवन गौतम, सोनाली जी, सीमा जाटव, अरुण मेहरा, सुमितपाल, सुनील गौतम, रवि मेवाती, सतिंदर राणा, सतवीर जाटव, मीडिया प्रभारी नरेश जाटव, नौमिश पांडे, मेहताब त्यागी, शेरा प्रताप सिसोदिया सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साहिबाबाद की एक फैक्ट्री में लगी आग, दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर पाया गया काबू

वेलकम इंडिया ,कपिल चौहान





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक बार फिर फैक्ट्री के अंदर आग लगने का मामला सामने आया है। इस बार आग साइट-4 साहिबाबाद में फैक्ट्री में लगी। गनीमत रही की दमकल विभाग की गाड़ी सही समय पर फैक्ट्री पहुंच गई और आग को फैलने से रोक लिया गया। दमकल विभाग ने आग को पूरी तरह से बुझा दिया है। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि आग की सूचना प्राप्त हुई तत्काल फायर स्टेशन साहिबाबाद से दोनों फायर टेंडर घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचने पर देखा कि आग आइंस्टाइन फैक्ट्री प्लाट संख्या अ-10, साइट-4, साहिबाबाद फैक्ट्री में लगी हुई थी। फैक्ट्री कर्मचारियों द्वारा प्रारंभिक स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। फायर सर्विस यूनिट ने त्वरित एवं कुशल कार्रवाई करते हुए टऋए से पम्पिंग कर आग बुझाने का कार्य प्रारंभ किया। जानकारी करने पर फैक्ट्री स्टाफ द्वारा बताया कि एल्यूमिनियम की कटिंग के दौरान निकली चिंगारी से फ्लोर पर पड़ी एल्यूमिनियम की डस्ट में आग लग गई थी।

फायर सर्विस कर्मियों की सूझबूझ एवं तत्परता के कारण आग पर शीघ्र ही पूर्ण रूप से नियंत्रण पा लिया गया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई तथा संभावित बड़े नुकसान को टाल दिया गया।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के मेनेजिंग डायरेक्टर ने गणपति को भारत के शिर्ष 10 पार्टनर्स में स्थान प्राप्त करने पर प्रशांसा व्यक्त की तथा 'वैल्युएंवल पार्टनर' पुरस्कार से सम्मानित किया।








भारत के शीर्ष 10 पार्टनर्स मे स्थान प्राप्त करने पर 'वैल्युएंबल पार्टनर' पुरस्कार से सम्मानित

LG Life's Good.